

- कांग्रेस नेता राहुल बोले-जुबिन गर्ग की तरह कांग्रेस भी लोगों को एकजुट करने का काम करती है- 12




- मौद्रिक समीक्षा और पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच शेयर बाजार में रहेगा उतार-चढ़ाव - 12




- ईरान युद्ध से अमेरिका में बढ़ी महंगाई, अमेजन वसूल करेगी ईंधन अधिभार - 13




- शमी की करिश्माई गेंदबाजी के बाद पंत के अर्धशतक से लखनऊ जीता - 14

आज का मौसम
31.0⁰ अधिकतम तापमान
18.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.59
सूर्यास्त 06.36


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्थी 02:10 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 6 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 3, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# गजनवी काल का माफिया था सालार मसूद महाराज सुहेलदेव ने जहन्नुम भेजा : योगी

## सॉफ्ट कार्नर रखने वाले विपक्ष पर निशाना, बोले- आज जो माफिया मिट्टी में मिले इन जैसा था मसूद

- मुख्यमंत्री ने बीएनए में स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह की शुरुआत की, राष्ट्र नायकों पर नाटक बनाने का आह्वान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को साफ्ट कार्नर रखने वाले विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि गजनवी काल का सालार मसूद भी मिट्टी में मिले माफिया का रूप था। इसने न सिर्फ सोमनाथ मंदिर, बल्कि राम जन्मभूमि को पहली बार क्षतिग्रस्त किया। महाराजा सुहेलदेव ने उसे वह मौत मारा, जिसे इस्लाम में सबसे खराब मौत मानी जाती है। योगी ने चेतावनी दी कि जब तक अत्याचारी के साथ ऐसा व्यवहार नहीं करेंगे, तब तक वह भारत की संस्कृति पर प्रहार करता रहेगा।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को भारतेंदु नाट्य अकादमी (बीएनए) में 12 अप्रैल तक आयोजित स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने एक हजार वर्ष पहले महाराज सुहेलदेव के शौर्य व पराक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि महाराज सुहेलदेव ने सालार मसूद को जिस निर्ममता से मारा, उस कारण 150 वर्ष तक भारत पर किसी विदेशी आक्रांता ने हमला करने का दुस्साहस नहीं किया, लेकिन भारतीय समाज ने उन्हें भुला दिया। योगी ने गुलामी की दासता पर चिंता जताई और कहा कि जिस स्थान पर महाराज ने मसूद को मारा, वहां सालार मसूद का मेला लगता था। लेकिन महाराज सुहेलदेव का स्मरण कोई नहीं करता था। जब मैं गोरखपुर का सांसद था तो बहराइच में उनके विजयोत्सव कार्यक्रम में आया। प्रशासन ने मुझे रोकने का प्रयास किया, फिर भी मैं गया था। जिस सालार मसूद ने हमें रौंदने का कार्य किया, पहले उसके मेले में बड़ी संख्या में लोग जाते थे। लेकिन अब भीड़ सालार मसूद की तरफ नहीं झांकती, बल्कि मेरी सरकार में बनाए गए महाराज सुहेलदेव के स्मारक पर जाती है। योगी ने कहा कि महाराज सुहेलदेव ने सालार मसूद को जहन्नुम में भेजने की गारंटी दी थी। उन्होंने चिंता जताई कि अवधी-भोजपुरी में थोड़ा-बहुत छोड़ दें तो महाराज सुहेलदेव के नाम पर कोई गीत, संगीत व नाट्य प्रस्तुति नहीं होती।



लखनऊ : भारतेंदु नाट्य अकादमी में आयोजित स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह के उद्घाटन अवसर पर बोलते मुख्यमंत्री योगी।

### राष्ट्र नायकों के योगदान पर बनाएं लघु नाटक

मुख्यमंत्री ने राष्ट्र नायकों के योगदान को रेखांकित करते हुए महाराज सुहेलदेव, रानी लक्ष्मीबाई, चंद्रशेखर आजाद और रामप्रसाद बिस्मिल जैसे वीरों पर लघु नाटक तैयार करने की अपील की। योगी ने कहा कि रंगमंच समाज का दर्पण है और अभिनय जनचेतना बनकर समाज को नई दिशा देता है। नई और पुरानी पीढ़ी को साथ लेकर सांस्कृतिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए उन्होंने अकादमी के लिए छात्रावास निर्माण सहित अन्य प्रस्तावों को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया।

### कभी पेशेवर गुंडों को नायक बनाने वालों का था कब्जा

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय हमारे संस्थानों पर ऐसे लोगों का कब्जा था, जो पेशेवर गुंडों और माफिया को नायक के रूप में प्रस्तुत करते थे, जबकि वास्तविक नायकों को नजरअंदाज किया जाता था। उन्होंने भारतेंदु नाट्य अकादमी से वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर हर जिले में प्रभावी प्रस्तुति आयोजित करने की अपील की।

### 24 से दिनकर की कृतियों पर त्रिदिवसीय आयोजन

मुख्यमंत्री ने बताया कि राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कृतियों पर आधारित त्रिदिवसीय कार्यक्रम 24 अप्रैल से लखनऊ में आयोजित होगा। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी की साहित्यिक कृतियों पर भी रंगमंचीय प्रस्तुतियों की आवश्यकता जताई।

# ईरानी क्षेत्र में जीवन-मरण मिशन में अमेरिका ने अपने पायलट को बचाया

- होर्मुज खेलने का अल्टीमेट आज होगा समाप्त, ट्रंप बोले- न खोला तो ईरान को नरक बना देंगे

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिका ने अपने उस पायलट को दो दिन तक चले 'जीवन-मरण' वाले मिशन में सुरक्षित बचा लिया, जो तेहरान के हमले में अपने लड़ाकू विमान को निशाना बनाये जाने के बाद लापता हो गया था। अमेरिकी सेना ने इस अभियान को ईरान में घुसकर अंजाम दिया। ईरान द्वारा विमान को मार गिराए जाने के बाद अमेरिकी वायुसेना का अधिकारी दुश्मन से बचने के लिए पहाड़ों की एक दरार में छिप गया और 7,000 फुट की ऊंचाई तक चढ़ाई की। दो दिन तक चले इस मिशन में अमेरिकी सेना उसे सुरक्षित ले आई।

ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर अपने पोस्ट में, बचाए गए अधिकारी को एक अत्यंत सम्मानित कर्नल बताया। उन्होंने कहा, हमने ईरान के पहाड़ों के बीच से, गंभीर रूप से घायल और अत्यंत साहसी एफ-15 चालक दल के सदस्य/अधिकारी को बचा लिया है। व्हाइट हाउस ने भी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर घोषणा की, हम किसी भी अमेरिकी सैनिक को कभी संकट में नहीं छोड़ेंगे। विमान के चालक दल के दो सदस्य बाहर निकलने में सफल रहे थे। इनमें से एक पायलट को तुरंत बचा लिया गया था, जबकि दूसरे पायलट की तलाश में अमेरिका ने ईरान में उतरकर दिन-रात एक कर दिया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा है कि अगर अवरुद्ध होर्मुज को नहीं खोला गया, तो ईरान के ऊर्जा संयंत्रों और पुलों पर हमले किए जाएंगे। संयुक्त अरब अमीरात के एक पेट्रो-रसायन संयंत्र में रविवार को हुए हमले के बाद आग लग गई।

वहीं, होर्मुज खोलने के लिए ईरान को 48 घंटे का अल्टीमेटम देने के कुछ ही घंटों । बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रविवार को फिर दावा किया कि तेहरान में एक भीषण हमले में ईरान के कई शीर्ष सैन्य अधिकारियों को खत्म कर दिया गया है।

### यह इतिहास का सबसे साहसिक रेस्क्यू ऑपरेशन



शनिवार देर रात 'ट्रुथ सोशल' पर ट्रंप ने घोषणा की कि अमेरिकी सेना ने अमेरिकी इतिहास के सर्वाधिक साहसिक खोज और बचाव अभियानों में से एक को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। उन्होंने कहा, यह बहादुर योद्धा ईरान के खतरनाक पहाड़ों में दुश्मन की सीमा में था, जहां हमारे दुश्मन उसकी तलाश कर रहे थे तथा हर गुजरते पल के साथ वे उसके और करीब आते जा रहे थे।

### कुवैत में वित्त मंत्रालय व तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमले



**दोहा।** कुवैत में रविवार को वित्त मंत्रालय पर ड्रोन से हमला किया गया जिससे इमारत को काफी नुकसान पहुंचा है जबकि शुवैख जिले में एक तेल रिफाइनरी में आग लग गई। हमले में मंत्रालय की इमारत को हुए भारी नुकसान के बाद कर्मचारियों को घर से काम करने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले, बुधवार को कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाया था।

## ब्रीफ न्यूज

### एअर इंडिया ने इजराइल के लिए 31 मई तक उड़ानें निलंबित कीं

**यरूशलम।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच एअर इंडिया ने इजराइल के लिए अपनी उड़ानें 31 मई तक निलंबित कर दी हैं। एअर इंडिया के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। तेल अवीव मार्ग पर अधिकतर प्रमुख विमानन कंपनियों ने अपनी सेवाएं निलंबित कर दी हैं और केवल इजराइली विमानन कंपनियां जैसे एल अल, इस्रायर, अर्किया और एअर हैफा कड़ी पाबंदियों के बीच परिचालन कर रही हैं। उड़ानों का निलंबित होना वहां रह रहे 40,000 भारतीयों के लिए चिंता का विषय है, जो निजी या पेशेगत कारणों से क्षेत्र में बढ़ते तनाव के कारण निकलना चाहते हैं।

### ईंधन संकट के बीच नेपाल में सप्ताह में दो दिन अवकाश की घोषणा

**काठमांडू।** ईंधन आपूर्ति संकट के मद्देनजर नेपाल ने सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए सप्ताह में दो दिन अवकाश की रविवार को घोषणा की। मंत्रिपरिषद ने रविवार को सिंहदरबार सचिवालय में हुई बैठक में शनिवार और रविवार को साप्ताहिक अवकाश देने का फैसला किया। सरकार के प्रवक्ता सस्मित पोखरेल ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कहा, मंत्रिमंडल ने सोमवार यानी छह अप्रैल से सभी सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए शनिवार और रविवार यानी दो दिन साप्ताहिक अवकाश देने का फैसला किया है।

# न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाना तृणमूल का महाजंगलराज

कोलकाता, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मालदा में भीड़ द्वारा न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने की घटना को लेकर रविवार को तृणमूल कांग्रेस पर तीखा निशाना साधा और इसे सत्ताधारी पार्टी की सरकार के महाजंगलराज का उदाहरण बताया। मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस बंगाल में कानून-व्यवस्था का जनाजा निकालने पर तुली हुई है। यहां घुसपैठियों को सीधा टीएमसी का समर्थन है।

मोदी ने पिछले महीने चुनाव की घोषणा के बाद कूचबिहार जिले में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश ने देखा है कि मालदा में न्यायिक अधिकारियों को कैसे बंधक बनाया गया था और सवाल किया कि यह किस तरह की सरकार है जो न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा और संवैधानिक प्रक्रियाओं को सुनिश्चित नहीं कर सकती। उन्होंने कहा, हम ऐसी सरकार से बंगाल की जनता की सुरक्षा की उम्मीद नहीं कर सकते। मोदी ने कहा, जब न्यायिक अधिकारी ही सुरक्षित नहीं हैं तो आप तृणमूल शासन में आम लोगों की सुरक्षा की उम्मीद कैसे कर सकते हैं? मालदा में जो हुआ वह तृणमूल के महाजंगलराज का एक उदाहरण है। ममता बनर्जी सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार किसी भी संवैधानिक संस्था को महत्व नहीं देती। प्रधानमंत्री ने कहा, क्रूर तृणमूल कांग्रेस प्रशासन के तहत बंगाल की पवित्र भूमि पर लोकतंत्र प्रतिदिन रक्तपात का शिकार हो रहा है। मोदी ने कहा कि यहां स्थिति इतनी खराब है कि उच्चतम न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस कानून-व्यवस्था की हत्या करने पर तुली हुई है।



- प्रधानमंत्री मोदी बोले- बंगाल में टीएमसी कानून-व्यवस्था की हत्या करने पर तुली
- कहा- घुसपैठियों को सीधा टीएमसी का समर्थन

### बंगाल के भविष्य और उसकी अस्मिता को खतरे में डाला

भाजपा ने मालदा की घटना को लेकर पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ दल पर अपना हमला तेज किया और आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार ने तुष्टीकरण की राजनीति और घुसपैठ के माध्यम से बंगाल के भविष्य और उसकी अस्मिता को खतरे में डाल दिया है। उन्होंने आरोप लगाया, तृणमूल कांग्रेस शासन के तहत, बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में खतरनाक जनसांख्यिकीय परिवर्तन हुआ है। इन घुसपैठियों को तृणमूल कांग्रेस के सिंडिकेट से सीधा संरक्षण मिलता है, जिससे राज्य के लोगों का जीवन खतरे में पड़ जाता है।

# मौत की रफ्तार..बेकाबू बोलेरो टैंकर में घुसी, 5 की गई जान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** दिल्ली-बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार शाम बाइक को टक्कर मारते हुए बेकाबू बोलेरो सड़क किनारे खड़े एक टैंकर से टकरा गई। भीषण हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो बच्चों सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना सीबीगंज क्षेत्र में परधौली गांव के पास हुए एक्सीडेंट की वजह ओवरस्पीड और गलत ओवरटेक और हाईवे किनारे खड़ा टैंकर माना जा रहा है। मृतकों में दो बरेली और दो पीलीभीत के रहने वाले थे, जबकि एक की पहचान के प्रयास जारी हैं। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार, गोरखपुर नंबर यूपी53ईएन/6693 बोलेरो लखनऊ की तरफ से आ रही थी। शाम 4 बजे के करीब बड़ा बाईपास पर तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर शनिवार रात से सड़क किनारे खड़े शीरा से लदे टैंकर में पीछे से घुस गई। इस दौरान बोलेरो ने एक बाइक को भी चपेट में ले लिया। हादसा होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। बोलेरो व बाइक सवारों को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला। हादसा इतना भयानक था कि बोलेरो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उसमें फंसे लोगों को बोलेरो की बॉडी काटकर बाहर निकाला जा सका। बोलेरो सवार प्रिंस व दो बच्चों को पुलिस ने शहर में मिनी बाईपास स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया है। तीनों की हालत नाजुक बताई गई है। हादसे का पता होते ही एसपी सिटी मानुष पारिक, एसडीएम प्रमोद मौके पर पहुंचे और हादसे की जानकारीजुटाई। एसपी सिटी ने बताया कि खराबी की वजह से टैंकर रोड किनारे खड़ा था। अचानक उससे टकरा गई।

### बरेली में दिल्ली हाईवे पर ओवरटेकिंग के दौरान हादसा



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन।

- हाईवे किनारे खड़ा था टैंकर, बाइक को टक्कर मार टैंकर में घुसी बोलेरो, मृतकों में तीन कार यात्री और दो बाइक सवार शामिल, इनमें 4 लोग बरेली के

### इन लोगों ने गंवाई जान

बोलेरो सवार मनमोहन सिंह निवासी नगरिया विक्रम थाना फरीदपुर, बरेली, सिकंदर निवासी कल्याणपुर चकतीर्थ, पीलीभीत और एक अज्ञात की मौके पर ही जान चली गई। बाइक सवार ग्राम अटाकायस्थान थाना सीबीगंज निवासी साहबजाद खान और मुमताज ने भी दम तोड़ दिया।

# आंतकी गतिविधियों के शक में कुशीनगर से एक व्यक्ति को दिल्ली पुलिस ने उठाया

**कुशीनगर।** दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा ने आतंकी गतिविधियों में संलिप्तता के संदेह में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर से एक युवक को हिरासत में लिया है और उसे ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली ले जाया गया। उप्र पुलिस के अनुसार, दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा में दर्ज एक मामले की जांच के दौरान पडरौना के छावनी क्षेत्र के राइन मोहल्ला निवासी रिजवान अहमद की भूमिका सामने आई। इस आधार पर विशेष शाखा के निरीक्षक निशांत दहिया के नेतृत्व में 10 सदस्यीय टीम शनिवार देर शाम पडरौना पहुंची और स्थानीय कोतवाली पुलिस के सहयोग से रिजवान अहमद को हिरासत में लिया।

# इजराइल में सुरक्षित हैं यूपी के 6000 श्रमिक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी सरकार ने लगातार संपर्क बनाए रखने का किया दावा

**अमृत विचार:** इजराइल में जारी तनावपूर्ण हालात के बीच उत्तर प्रदेश के छह हजार से अधिक श्रमिक पूरी तरह सुरक्षित हैं। योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और भारतीय दूतावास के माध्यम से नियमित अपडेट ले रही है।

प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डॉ. शन्मुगा सुंदरम इजराइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह से लगातार संपर्क में हैं। दूतावास की ओर से स्पष्ट किया गया है कि सभी भारतीय श्रमिक, विशेषकर यूपी के कामगार, पूरी तरह सुरक्षित हैं और किसी बड़े खतरे या आपात स्थिति की सूचना नहीं है। हालात चुनौतीपूर्ण जरूर हैं, लेकिन नियंत्रण में हैं।

राजदूत के साथ हुई बातचीत में यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी श्रमिक की ओर से भारत लौटने का कोई विशेष दबाव या मांग सामने नहीं आई है। सभी श्रमिक स्थानीय सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सामान्य जीवन जी रहे हैं। प्रदेश सरकार और भारतीय दूतावास के समन्वय से इजराइल में कार्यरत यूपी के श्रमिकों की स्थिति सामान्य बनी हुई है और हर संभावित परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखी गई है।

# मूडीज ने भारत की वृद्धि दर घटाकर 6% की

नई दिल्ली, एजेंसी

- पश्चिम एशिया संकट के बीच 2026-27 के लिए जारी किया नया अनुमान
- कहा- महंगाई का जोखिम बढ़ेगा आने वाले दिनों में परिवारों के लिए एलपीजी की होगी कमी



मूडीज रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.8 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण भारत की वृद्धि की रफ्तार घटेगी और इससे महंगाई का जोखिम भी बढ़ेगा।

भारत पर अपनी साख परिदृश्य रिपोर्ट में मूडीज ने कहा कि लंबे समय तक व्यवधान से आने में दिनों में परिवारों के लिए खासकर रसोई गैस की कमी हो जाएगी। इसके अलावा ईंधन और परिवहन की लागत बढ़ेगी। ऐसे में जबकि भारत उर्वरकों के लिए आयात पर निर्भर है इसका प्रभाव खाद्य मुद्रास्फीति तक फैलेगा। यह क्षेत्र भारत के कच्चे तेल के आयात का लगभग 55 प्रतिशत और एलपीजी का लगभग 90 प्रतिशत से ज्यादा पूरा करता है।

कहा, हालांकि महंगाई अभी नियंत्रण में है, लेकिन भूराजनीतिक जोखिमों ने मुद्रास्फीति के परिदृश्य को ऊपर की ओर कर दिया है। 2026-27 में औसत मुद्रास्फीति 2025-26 के 2.4 प्रतिशत से बढ़कर 4.8 प्रतिशत हो जाएगी। महंगाई का जोखिम फिर से बढ़ने और वृद्धि के मजबूत बने रहने के साथ 2026-27 में नीतिगत दर रेपो को या तो स्थिर रखा जाएगा ।

### औद्योगिकी गतिविधियों में रहेगी सुस्ती

रिपोर्ट में कहा गया, निजी उपभोग में कमी, औद्योगिकी गतिविधियों में सुस्ती, सकल निश्चित पूंजी सृजन में कमी, दाम बढ़ने तथा लागत बढ़ने से भारत की वृद्धि दर प्रभावित होगी। पिछले महीने आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने अनुमान लगाया था कि भारत की जीडीपी वृद्धि दर 2025-26 के 7.6 प्रतिशत से घटकर 2026-27 में 6.1 प्रतिशत रह जाएगी ।

सीजेआई बोले — जब न्यायपालिका और कार्यपालिका उद्देश्य में एकजुट होती हैं, तो संविधान वास्तव में जीवंत हो उठता है

# न्यायिक ढांचे को मजबूत करना वैकल्पिक नहीं, बल्कि अनिवार्य

हैदराबाद, एजेंसी

सीजेआई सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों की राज्य सरकारें यह मानती हैं कि न्यायिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करना वैकल्पिक नहीं, बल्कि एक अनिवार्य है। तेलंगाना उच्च न्यायालय जोन-2 का शिलान्यास करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब न्यायपालिका और कार्यपालिका उद्देश्य में एकजुट होती हैं, तो संविधान वास्तव में जीवंत हो उठता है।

उन्होंने कहा, देश भर में बना यह माहौल मुझे बहुत आत्मविश्वास देता है। पिछले कुछ महीनों में ही मुझे उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, असम और अब तेलंगाना में न्यायिक परिसर के शिलान्यास का अवसर मिला है। उन्होंने कहा, सभी राजनीतिक दलों की राज्य सरकारें यह मान रही हैं कि न्यायिक ढांचे को मजबूत करना वैकल्पिक नहीं, बल्कि अत्यंत आवश्यक है। प्रस्तावित परियोजना के नक्शों और मॉडल को देखने के बाद प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि 100 एकड़ में बनने वाला नया उच्च न्यायालय परिसर देश के सर्वश्रेष्ठ परिसरों में से एक होगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के साथ चर्चा के दौरान उन्हें आश्वासन दिया गया कि पूरे उच्च न्यायालय परिसर का निर्माण दो वर्षों के भीतर पूरा कर लिया जाएगा, जिसमें आवासीय और अन्य बुनियादी ढांचा शामिल है। उन्होंने इस प्रतिबद्धता के लिए राज्य सरकार को बधाई दी।



तेलंगाना में एक समारोह के दौरान प्रदर्शनी का अवलोकन करते सीजेआई सूर्यकांत।

### सीजेआई ने फोटो प्रदर्शनी का किया अवलोकन

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने उच्च न्यायालय भवन के डिजाइन मॉडल को प्रदर्शित करने वाली एक फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय के कई न्यायाधीश, वरिष्ठ अधिकारी और कानून जगत से जुड़ी हस्तियां मौजूद रहीं। इससे पहले स्वागत भाषण में तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अपरेश कुमार सिंह ने कहा कि जोन-II का विकास पूरी परियोजना में महत्वपूर्ण चरण है, जिसे न्यायपालिका की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए चरणों में लागू किया जा रहा है। इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां, न्यायमूर्ति एस वी भट्टी, न्यायमूर्ति आलोक अराधे और तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अर्पेश कुमार सिंह ने भी सभा को संबोधित किया।

## चोरी की बाइक समेत शातिर आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना पुलिस ने रेलवे ट्रैक के पास डबल फाटक क्षेत्र से एक शातिर आरोपी को चोरी की मोटरसाइकिल समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

रविवार को कटघर प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि रेलवे ट्रैक के पास डबल फाटक क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल (पैशन प्रो, काले रंग की) बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नदीम उर्फ डॉक्टर पुत्र महबूब अली निवासी जयन्तीपुर, थाना मझोला, मुरादाबाद बताया है। आरोपी ने बताया कि व पहले स्थान पर खेड़ वाहन को कई दिन देखता है उसके बाद मौका देखकर उसे चोरी कर लेता है। जिसके वह वाहन को काट कर उसके पार्ट्स बेच देता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# स्मार्ट मीटर से बढ़ी परेशानी रिचार्ज के बाद भी अंधेरा

## सही जानकारी न मिलने से उपभोक्ताओं में पनपा आक्रोश

कार्यालय, संवाददाता

**अमृत विचार :** शहर में लगाए जा रहे प्रीपेड स्मार्ट मीटर अब लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। रिचार्ज कराने के बावजूद उपभोक्ताओं को 24 से 48 घंटे तक बिजली नहीं मिल पा रही है। जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।



- बिजली निगम अधिकारियों पर उठ रहे सवाल, लोग परेशान

"जिन लोगों के पहले के बिजली बिल का भुगतान नहीं हुआ है उन्हीं लोगों के साथ समस्या है। कुछ पुराने कनेक्शन है जिनमें समस्या आ रही है। विभाग की आरे जल्द समस्या का समाधान किया जाएगा।
–प्रशांत कुमार
अधीक्षण अभियंता नगरीय मुरादाबाद

दीवान का बाजार, तहसील स्कूल, डेहरिया, लालबाग, नवाबपुरा, जामा मस्जिद और वारसी नगर समेत कई मोहल्लों में रविवार को लोगों ने हजारों लोगों की बिजली आपूर्ति ठप होने की शिकायतें सामने आई हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिजली विभाग की प्रीपेड योजना पूरी तरह अव्यवस्थित है और संबंधित अधिकारी समय पर सही जानकारी देने में असफल साबित हो रहे हैं।

दीवान बाजार के रहने वाले अशोक शर्मा ने बताया कि रिचार्ज कराने के बाद भी मीटर अपडेट नहीं हो रहे हैं, जिसके कारण उन्हें अंधेरे में रातें गुजारनी पड़ रही हैं। वहीं, बिजली विभाग द्वारा नियुक्त कंपनी के कर्मचारी भी उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान करने में असमर्थ नजर आ रहे हैं।

शहर ही नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रीपेड मीटर की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि बिना पर्याप्त तैयारी और जागरूकता के इस योजना को लागू किया गया, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

## फायरिंग करने का आरोपी पकड़ा, तमंचा व कारतूस बरामद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के किला तिराहा सामने दो अप्रैल की रात दो गुटों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर हुई सरेआम फायरिंग की गई थी। फरार चले रहे सात आरोपियों में से एक और को पकड़ लिया है। आशियाना क्षेत्र से पकड़े जाने वाले आरोपी से तमंचा व कारतूस मिले।

रविवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि तीन अप्रैल को कांठ रोड स्थित प्रेम स्वीट्स के सामने पकड़े आरोपी पकड़े आरोपी हर्ष चौधरी उर्फ जानी निवासी ग्राम भटावली कांठ रोड, थाना सिविल लाइन ने फायरिंग की थी। जिसके बाद वह फरार हो गया। जबकि दो आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। इस मामले में पुलिस ने नौ आरोपियों के नामजद मुकदमा दर्ज कर किया। जिसके बाद पुलिस आरोपियों की तलाश दबिश दे रही थी। पुलिस टीम ने पांच अप्रैल को आरोपी को हर्ष चौधरी उर्फ जानी को चट्टा पुल की ओर जाने वाली सड़क, आशियाना क्षेत्र से पकड़ा लिया था।

# चौथी बार रिमाइंडर, फिर भी नहीं पहुंचे लक्ष्मण सिंह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह और डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति होने की शिकायत की जांच शिकायतकर्ता के बयान के अभाव में लगातार अटकी हुई है। तीन बार रिमाइंडर भेजे जाने के बावजूद लक्ष्मण सिंह जांच टीम के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। अब बीते शुक्रवार को उन्हें चौथी बार रिमाइंडर जारी किया गया है।

लक्ष्मण सिंह ने दो फरवरी को शासन में दोनों अधिकारियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत दर्ज कराई थी। शासन के निर्देश पर इस प्रकरण की जांच एडी हेल्थ स्तर से कराई जा रही है। एडी हेल्थ डॉ. आशु अग्रवाल ने बताया कि लक्ष्मण सिंह को पहली बार 17 मार्च (सोमवार) को बयान के लिए बुलाया गया था, लेकिन वह उपस्थित नहीं हुए। इसके

- आय से अधिक संपत्ति की जांच बयान के इंतजार में अटकी

### कब-कब भेजे गए नोटिस और रिमाइंडर

- 17 मार्च (सोमवार) : पहला नोटिस।
- 20 मार्च (गुरुवार) : पहला रिमाइंडर।
- 24 मार्च (सोमवार) : दूसरा रिमाइंडर।
- तीन अप्रैल (शुक्रवार) : तीसरा रिमाइंडर।

बाद उन्हें 20 मार्च (गुरुवार) को दोबारा बुलाया गया, लेकिन उस दिन भी वह नहीं पहुंचे और बीमारी का हवाला देते हुए अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी दी। इसके बाद 24 मार्च (सोमवार) को तीसरी बार उन्हें बयान के लिए बुलाया गया, लेकिन इस बार भी वह उपस्थित नहीं हुए। अब तीन अप्रैल (शुक्रवार) को चौथी बार रिमाइंडर जारी कर उन्हें जांच टीम के समक्ष उपस्थित होकर बयान दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## एक्सपोर्ट फर्म से माल चुराते हुए तीन पकड़े, जेल भेजा

**पाकबड़ा, अमृत विचार:** एक्सपोर्ट फर्म से माल चुराते हुए तीन लोगों को गार्ड ने पकड़ लिया। इसकी सूचना फर्म के जनरल मैनेजर को दी गई। मैनेजर की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर तीनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

थाना क्षेत्र के ग्रोथ सेंटर चौकी के पास एसईजेड में स्थित किशोरी फर्म से तीन लोगों द्वारा चार-चार कॉपर की प्लेट चुरा कर ले जाई जा रही थीं। जब उनकी चेकिंग की गई तो तीनों लोग पकड़ में आ गए। जिनका वजन छह किलो 200 ग्राम है। फर्म के जनरल मैनेजर गर्वित मिश्रा निवासी बैंक कॉलोनी खुशहालपुर की ओर से सुरेश सैनी निवासी बोराहे की मढ़ैय्या बुद्धि विहार, हरकिशन ग्राम डिडौरी थाना मझोला, समरपाल निवासी करीमपुर जब्ती पाकबड़ा के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों को जेल भेज दिया।

# बर्थडे पार्टी में युवक की संदिग्ध हालात में मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम मौत का कारण स्पष्ट नहीं विसरा सुरक्षित
- पिता ने तीन लोग के नामजद तहरीर देकर की कार्रवाई की की मांग

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र के जीएमडी रोड स्थित एक होटल में बर्थडे पार्टी के दौरान मझोला थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों मौत हो गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने युवक की जहर देकर मारने की आशंका जताते मझोला कोतवाली पहुंचे थे। मझोला थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस साक्ष्य की तलाश में होटल के सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रही है।



मृतक राजेश।

रविवार को सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि तीन अप्रैल को जीएमडी रोड के पर कपड़े की दुकान काम करने दुर्गा नाम व्यक्ति के परिवार के बच्चे की बर्थडे पार्टी नजदीक के होटल में किया गया। साथ काम करने वालों के अलावा लाइन पार प्रकाश नगर निवासी राजेश पुत्र राधे लाल भी आमंत्रित था। रात साढ़े दस बजे राजेश के दोस्त बंटी का फोन राजेश के परिजन के पास पहुंचा था कि राजेश की तबीयत खराब हो गई और उसे साईं अस्पताल ले गए हैं। परिजन साईं अस्पताल पहुंचे, तब तक राजेश मौत हो चुकी थी। मौत की परिवार वालों का रो- रोकर बुरा हाल था। परिजन शव को लेकर मझोला कोतवाली पहुंचे और राजेश का जहर देकर मारने का आरोप लगाते हुए मझोला पुलिस को तहरीर थी। पुलिस शव को पोस्टमार्टम कराया था, जिसमें मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका, जिसके चलते विसरा सुरक्षित रखा गया है। घटना सदर कोतवाली की होने के कारण अब कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। साक्ष्य की तलाश में रविवार को कोतवाली पुलिस ने होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले हैं। मृतक परिजनों ने जहर देकर मारने की आशंका जताते हुए रविवार को कोतवाली पुलिस को दोबारा तहरीर दी। उधर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले की हर बिंदु पर जांच की जा रही है। मामले पोस्टमार्टम रिपोर्ट मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ। विसरा रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## वल्लभाचार्य जयंती पर 13 को निकाली जाएगी शोभायात्रा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्री मुरादाबाद गुजराती समाज की एक बैठक रविवार को मनमोहन दास पोरवाल के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी जगत गुरु महाप्रभु श्री वल्लभाचार्य जी का अवतरण महोत्सव श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि 13 अप्रैल (सोमवार) को 8 बजे श्री दाऊ जी मंदिर, गुजराती स्ट्रीट से प्रभात फेरी एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। यात्रा पान का दरीबा, मंडी चौक और गोकुलदास रोड से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में समाप्त होगी। इसके पश्चात मंदिर में केसर स्नान के दर्शन तथा शाम सात बजे भव्य फूल मंडली का आयोजन किया जाएगा

# सरकारी कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण अनिवार्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद।

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार के निर्देश पर मुरादाबाद मंडल में सभी सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विभिन्न ऑनलाइन प्रशिक्षण कोर्स अनिवार्य कर दिए गए हैं। इन कोर्सों को पूरा करने की अंतिम तिथि आठ अप्रैल निर्धारित की गई है। प्रत्येक कोर्स की अवधि लगभग चार घंटे रखी गई है।

उप आयुक्त (पंचायत) एवं मंडलीय नोडल अधिकारी अभय कुमार यादव ने बताया कि मंडल के कुल 51,768 अधिकारियों एवं कर्मचारियों में से अब तक 19,165 ने प्रशिक्षण पूरा कर लिया है, जो कुल संख्या का लगभग 37.02 प्रतिशत है। उप आयुक्त (पंचायत) ने बताया कि बदलते तकनीकी दौर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों का अपडेट रहना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से स्वास्थ्य,



योग कोर्स का अध्ययन करते उपायुक्त पंचायत अभय कुमार। ● अमृत विचार

तनाव प्रबंधन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), साइबर अपराध, योग, कौशल विकास, जेम पोर्टल पर खरीद प्रक्रिया, नशा मुक्ति एवं जन शिकायत निवारण जैसे विषयों पर प्रशिक्षण को अनिवार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से फ्रंटलाइन वर्कर्स जैसे पुलिस, स्वास्थ्य कर्मी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सचिव एवं शहरी निकाय कर्मियों पर इस प्रशिक्षण का विशेष फोकस है। प्रशिक्षण से कर्मचारियों की कार्यक्षमता बढ़ेगी तथा वे तनावमुक्त होकर बेहतर सेवाएं दे सकेंगे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दो अप्रैल से प्रारंभ होकर आठ अप्रैल तक संचालित किया जा रहा है।

### क्या होगा कोर्स से लाभ

- महत्वपूर्ण कोर्स में।
- तनाव प्रबंधन
- स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस
- साइबर अपराध से बचाव
- योगा
- जैमपोर्टल पर खरीद प्रक्रिया
- नशा मुक्ति जागरूकता
- पब्लिक पॉलिसी और शिकायत निवारण समेत 16 कोर्स है।

**क्यों जरूरी है ये कोर्स**

- उप आयुक्त (पंचायत) के अनुसार।
- नई तकनीक जैसे एआई के साथ अपडेट रहना
- काम के बढ़ते दबाव को संभालना।
- कार्य में कुशलता बढ़ाना

**खास बात- :**

- फोकस खासकर फ्रंटलाइन वर्कर्स पर है।
- पुलिस
- स्वास्थ्य कर्मी
- आंगनबाड़ी कार्यकर्ता
- पंचायत व शहरी निकाय कर्मचारी

**जिलेवार आंकड़े**

- अमरोहा : 8595 में से 2930
- मुरादाबाद : 8585 में से 2817
- रामपुर : 8710 में से 4099
- संभल : 7445 में से 3438
- बिजनौर : 18625 में से 8571
- अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने
- कोर्स पूर्ण कर लिया है।

## तमंचे के साथ दो आरोपी गिरफ्तार युवक को दी जान से मारने की धमकी

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद।

**अमृत विचार :** थाना मझोला क्षेत्र में पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दोनों ने एक युवक को जान से मारने की धमकी दी थी।

रविवार को मझोला कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आर पी सिंह ने बताया कि चार अप्रैल की शाम 7:05 बजे ग्राम उत्तमपुर बहलोलपुर में जीवन सिंह के घर के पास हुई वारदात में वादी सोमपाल सिंह ने पुलिस को सूचना दी कि उनके बेटे अशोक सागर को आरोपी रोहित और उसके पिता कर्मवीर सिंह द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए आरोपी रोहित और पिता कर्मवीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान रोहित के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपियों संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# खेत पर जा रहे किसान पर तेंदुए का हमला, घायल

संवाददाता , ठाकुरद्वारा

- किसी तरह भागकर बचाई जान लोगों में दहशत
- सूचना पर लाठी डंडे लेकर पहुंचे ग्रामीण

**अमृत विचार :** खेत पर जा रहे किसान पर तेंदुआ ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। किसी तरह किसान ने भाग कर जान बचाई। जानकारी होने पर आसपास के लोग लाठी डंडे लेकर पहुंचे और घायल किसान को अस्पताल भेजा। तेंदुए की चहलकदमी से क्षेत्र में दहशत व्याप्त है। लोगों ने खेतों पर जाना छोड़ दिया है।

थाना डिलारी क्षेत्र के गांव सहसपुरी ठाकवाला मझरा निवासी देवेंद्र चौहान रविवार सुबह खेत पर जा रहे थे, तभी अचानक अपने दो शावको के साथ मादा तेंदुआ की नजर देवेंद्र पर पड़ी और उसने हमला कर दिया।

हमले से घायल देवेंद्र चीखते हुए भागे। चीखपुकार सुनकर आसपास के लोग लाठी डंडे लेकर दौड़े। तभी मादा तेंदुआ भाग गई। लोगों ने घायल किसान को सीएचसी पर भर्ती कराया है। तेंदुए के हमले में किसान के बाएं हाथ



तेंदुए के हमले में घायल देवेंद्र चौहान अस्पताल में भर्ती।

पर गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए की तलाश में कांबिंग अभियान शुरू किया, लेकिन तेंदुआ नही मिला। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय का माहौल है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस समय गेहूं कटाई का सीजन चल रहा है। किसान सुबह-शाम खेतों में रहते हैं, जिससे खतरा और बढ़ गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी क्षेत्र में तेंदुए के हमले की घटनाएं हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम से तेंदुआ जल्द पकड़ने की मांग की है। वन दरोगा पीयूष जोशी , संजय सिंह, एमपी सिंह ने ग्रामीणों से सावधान अपील की ।

## चार गायों के संरक्षण पर मिलेगा 6 हजार रुपये का मासिक अनुदान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गायों के संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण योजना लागू की गई है। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अंतर्गत अब किसान गायों की देखभाल कर हर माह आर्थिक सहायता प्राप्त कर सकेंगे। सरकार की इस योजना को ग्रामीण अर्थव्यवस्था और पशुपालन को मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

रविवार को गौ सेवा आयोग के सदस्य एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री दीपक गोयल ने बताया कि प्रदेश सरकार गोवंश संरक्षण को लेकर गंभीर है और बड़े स्तर पर कार्य कर रही है।इस योजना के तहत सरकार एक गाय की देखभाल करने के लिए सरकार 1500 के हिसाब से अधिकतम चार गायों के लिए 6 हजार प्रतिमाह का अनुदान देने की बात कही।कोई भी पात्र किसान चार गोवंश को अपने संरक्षण में लेकर उनकी सेवा कर सकता है और इसके बदले उसे नियमित आर्थिक सहयोग मिलेगा। उन्होंने दावा किया कि पहले जहां बड़ी संख्या में गोवंश लावारिस घूमते थे, वहीं अब लगभग 90 प्रतिशत गोवंश गौशालाओं में संरक्षित हैं। उन्होंने आगे बताया कि सरकार का अगला कदम गौशालाओं में रह रही गायों को किसानों द्वारा गोद दिलाना है,जिससे उनकी बेहतर देखभाल हो सके। योजना के तहत एक किसान अपनी आईडी पर अधिकतम चार गायों को गोद ले सकता है।इस योजना की निगरानी जिला प्रशासन और राज्य सरकार द्वारा नियमित अधिकारियों के माध्यम से की जाएगी, ताकि पारदर्शिता और सही क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही घायल और लावारिस गायों को गौशालाओं तक पहुंचाने के लिए एक नई पहल भी शुरू की गई है। अब निजी स्तर पर वाहन चलाकर भी गोवंश को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया जाएगा।






### हस्तशिल्प निर्यात प्रबंधन में सर्टिफिकेट कोर्स 19 अप्रैल से शुरू

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** हस्तशिल्प एवं निर्यात क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स कार्यालय द्वारा सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया जा रहा है। यह कोर्स हस्तशिल्प निर्यात प्रबंधन विषय पर आधारित होगा, जिसकी शुरुआत 19 अप्रैल से होगी। यह कक्षाएं हर रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक आयोजित की जाएंगी। कुल 52 घंटे की अवधि वाले इस कोर्स की शुल्क राशि 10 हजार रुपये निर्धारित है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634


### संबन्ध विच्छेद

मैंने व मेरे परिवार ने अपने सगे दो पुत्रों मौ. आरिफ व तय्यब अली के गलत कृत्य व दुर्व्यवहार के कारण रजिस्टर्ड संबंध विच्छेद कर लिये है। इनका मेरी चल, अचल, संपत्ति, मकान, मुकदमा व भविष्य में घटित घटना से कोई लेना–देना नहीं है । हसन अख्तर अंसारी पुत्र कूड़े अंसारी निवासी मोहल्ला नई बस्ती थाना व तहसील नौगांवा सादात, जिला अमरोहा हाल निवासी मोहल्ला लकड़ा तहसील व जिला अमरोहा।


**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## 256 बच्चों ने दी आंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** डॉ. भीमराव आंबेडकर की स्मृति में अखिल भारतीय आंबेडकर संघ की ओर से चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के कुल 256 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रविवार को प्रतियोगिता प्रभारी सत्यप्रकाश ने बताया कि यह प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई। जूनियर वर्ग में कक्षा 6 से 8 तक तथा सीनियर वर्ग में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। दोनों वर्गों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर आंबेडकर पार्क में सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता व्यवस्थापक जितेंद्र कुमार जॉली और संयोजक सुनील कुमार रहे। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह ने कहा कि सभी विजेताओं एवं सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अंबेडकर जयंती के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।

# मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन से श्रद्धालु भाव विभोर

## आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से एमआईटी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में वैदिक विधि से हुआ पूजन



रामगंगा विहार स्थित एमआईटी में आर्ट ऑफ़ लिविंग केसरी सोमनाथ मूल ज्योतिर्लिंग दर्शन पूजन करते पुरोहित। ● अमृत विचार


आर्ट ऑफ़ लिविंग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● **भजनों से आध्यात्मिक हुआ एमआईटी परिसर का वातावरण**

**अमृत विचार :** एमआईटी इंस्टीट्यूट परिसर में रविवार को आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मूल सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दर्शन व पूजन का आयोजन किया गया। स्वामी भाव्यतेज द्वारा लाए गए इस पावन शिवलिंग का वैदिक विधि-विधान से पूजन किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने दर्शन कर आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त किया।

यह ज्योतिर्लिंग उस प्राचीन सोमनाथ ज्योतिर्लिंग का अंश है, जिसे 1024 ई. में आक्रमणकारियों ने खंडित कर दिया था। इसके अंशों को दक्षिण भारत में सुरक्षित रखकर पीढ़ियों तक पूजा की जाती रही। हाल ही में इसे आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर को सौंपा गया, जिनके निर्देश पर देशभर में इसके दर्शन कराए जा रहे हैं। इस दौरान सुमेरु गायक अंकित चित्करा ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। आर्ट ऑफ लिविंग के जिला समन्वयक पुनीत बर्मन और सीए अभिनव अग्रवाल ने इसे मुरादाबाद के लिए ऐतिहासिक अवसर बताया। आर्ट ऑफ लिविंग स्टेट टीचर कोऑर्डिनेटर रोहित अग्रवाल, प्रशिक्षक सुखवीर सिंह, शीतू छाबड़ा, डॉ. गोपाल कृष्ण शर्मा, विभा अरोड़ा, अभिनव सिंह, दीप्ति अग्रवाल, अलका वर्मा, माणिक अग्रवाल, रचना बिष्ट, केके गुप्ता, रीता अग्रवाल, अजय नारंग, ऋतु नारंग, दोषांत वर्मा, प्रमोद बिष्ट, धीर कपूर, एमआईटी के ट्रस्टी अरविंद गोयल, वाईपी गुप्ता, आदर्श अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सुधीर गुप्ता, नीरज अग्रवाल, दीवान संस से सुरेन्द्र गांधी, डिजाइनको से विनय लोहिया आदि उपस्थित रहे।

## संघ का उद्देश्य चरित्रवान और सजग, नागरिकों का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● **राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन**

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहीं गोष्ठियों के क्रम में रविवार को पंचायत भवन में प्रमुखजन गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें संगठन और राष्ट्र निर्माण में प्रमुख जनों की भूमिका और पंच परिवर्तन पर चर्चा हुई।

मुख्य वक्ता क्षेत्र प्रचारक महेन्द्र कुमार ने संघ की शताब्दी यात्रा और उसकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्ष 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा बोया गया राष्ट्रवाद का बीज आज एक विशाल वटवृक्ष का रूप ले चुका है। संघ आज न केवल भारत में, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी सेवा के विविध आयाम स्थापित कर रहा है। इसके विभिन्न आनुषंगिक संगठन निरंतर राष्ट्र निर्माण और लोक कल्याण के कार्यों में सक्रिय हैं। कहा कि कुछ राजनीतिक दल संघ के बारे में भ्रम फैलाते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि संघ में महिलाओं की सहभागिता अलग व्यवस्थाओं के माध्यम से होती है और कार्यपद्धति में राष्ट्र चिंतन समान रूप से रहता है। संघ का मूल उद्देश्य चरित्रवान, सजग एवं उत्तरदायी नागरिकों का निर्माण करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पद्मश्री चिरंजी लाल यादव ने कहा संघ नवयुवकों को भारतीय संस्कृति की प्रेरणा दे रहा है। विभाग प्रचारक बृजमोहन, विभाग संघचालक सुरेंद्रपाल सिंह, महानगर संघचालक डॉ. विनीत गुप्ता, विभाग प्रचार प्रमुख डॉ. पवन कुमार जैन, महानगर कार्यवाह विपिन चौधरी, वरिष्ठ प्रचारक मनीराम, अनुज कुमार, प्रमोद जोशी, शरद जैन, नमन अग्रवाल, नवल वार्ष्णेय, अनिल कुमार जैन, नीलम जैन, समीर जैन, डॉ. विशेष गुप्ता, दुष्यंत बाबा, उमेश त्रिवेदी, डॉ. गोविंद नौनियाल, डॉ. विनोद पांडे सहित शहर के सामाजिक व आध्यात्मिक संस्थाओं के प्रमुख जन उपस्थित रहे।

# यीशु के जी उठने की खुशी में निकालीं झांकियां


ईस्टर के जुलूस में शामिल झांकी में बच्चे। ● अमृत विचार


ईस्टर के जुलूस में शामिल मसीह समाज के लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पुनरुत्थान दिवस (ईस्टर डे) के अवसर पर रविवार को शहर के फिलिप्स मेथोडिस्ट चर्च में मसीही समाज ने प्रभु यीशु के दोबारा उठने की खुशी हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई। इस दौरान विशेष आराधना, बपतिस्मा संस्कार और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

सनराइज सर्विस से हुई शुरुआत : सुबह पांच बजे सभी चर्चों की झांकियां मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज परिसर में एकत्रित हुईं, जहां सनराइज सर्विस की विशेष आराधना संपन्न हुई। प्रभु यीशु के पुनरुत्थान की खुशी में श्रद्धालुओं ने प्रार्थना और भजन-कीर्तन किया।

बपतिस्मा और विशेष आराधनाः सुबह 9:30 बजे फिलिप्स मेमोरियल मेथोडिस्ट चर्च में बच्चों के बपतिस्मे (जल संस्कार) कराए गए। इसके बाद ईस्टर आराधना हुई, जिसका संचालन रेव्ह. अनिल सी लाल ने किया। बाइबल वाचन बैनहर एंथनी द्वारा किया गया, जबकि प्रेज एंड वर्शिप एवं प्रार्थना रेव्ह. रोहित मैसी ने कराई। चर्च क्वायर ने जी उठा है, वो जिंदा है, यीशु राजा मृत्युंजय गीत प्रस्तुत किया।

### पास्टर ने दिया पुनरुत्थान का संदेश

सीनियर पास्टर एवं पास्टर इंचार्ज रेव्ह. बृजेश मैनसल ने अपने संदेश में प्रभु यीशु के तीसरे दिन जी उठने की घटना को अद्भुत बताते हुए कहा कि जैसे बीज धरती को चीरकर पौधे के रूप में बाहर आता है, उसी प्रकार प्रभु यीशु मृत्यु पर विजय पाकर जीवित हुए। उन्होंने पश्चाताप के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस मौके पर राजीव सिंह, अभिषेक विल्सन, नीरज एडवर्ड, अंतिम सिंह, सुरेंद्र एम लाल, रोबिन मसीह, प्रिंस आदि मौजूद रहे।

**आज निकलेगी शोभायात्रा :** सोमवार को मसीही समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा पारकर इंटर कॉलेज से शुरू होकर ताड़ीखाना, टाउनहॉल, कोतवाली, गुरहट्टी, जैन मंदिर, आंबेडकर पार्क और पीली कोठी होते हुए मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज परिसर में समाप्त होगी।

## अध्यक्ष एकादश ने सचिव एकादश को दो रन से हराया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दि मुरादाबाद टैक्सेशन बार एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को मॉडर्न पब्लिक स्कूल क्रिकेट अकादमी के मैदान पर पारिवारिक मैत्री क्रिकेट मैच हुआ। यह मुकाबला अध्यक्ष एकादश और सचिव एकादश के बीच खेला गया, जिसका शुभारंभ अध्यक्ष राजकमल रस्तोगी ने किया।

अध्यक्ष एकादश ने सिर्फ दो रन से जीत दर्ज की। संदीप गुप्ता को बेस्ट बैट्समैन, अंकित बिग को बेस्ट बॉलर और राघव शर्मा को बेस्ट फील्डर चुना गया। मैच के दौरान नवीन मिश्रा, अमर शर्मा, कौशल कुमार शर्मा, राकेश अग्रवाल और गौरव गुप्ता ने कमेंट्री कर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान बच्चों और महिलाओं के लिए भी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

# सेंट पॉल क्रिकेट अकादमी बनी अवस्थी मेमोरियल टी-20 टूर्नामेंट चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


अवस्थी क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता टीम सेंट पॉल अकेडमी। ● अमृत विचार

● **यश व्यास बने मैन ऑफ द मैच मोहम्मद उस्मान को मैन ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब**

**अमृत विचार :** डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स व अवस्थी मेमोरियल कमेटी की ओर से आईएफटीएम विश्वविद्यालय के मैदान पर आयोजित अवस्थी मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को फाइनल मुकाबला खेला गया। यह मैच सेंट पॉल क्रिकेट अकादमी और रुक्मणी क्रिकेट अकादमी के बीच हुआ। सेंट पॉल क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 70 रन से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सेंट पॉल क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 233 रन बनाए। टीम के लिए रणजी खिलाड़ी आर्यन जुयाल ने 48 गेंद में 88 रन की पारी खेली, जबकि यश व्यास ने 39 गेंद में 75 रन बनाए। शिवम शर्मा ने पांच में नाबाद 22 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। रुक्मणी की ओर से फैज मोहम्मद ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रुक्मणी क्रिकेट अकादमी 17.4 ओवर में 162 रन पर सिमट गई। उवैश अहमद ने 21 गेंद में 44 रन और मोहम्मद नईम सैफी ने 27 रन बनाए। सेंट पॉल के लिए विवेक यादव ने तीन विकेट, जबकि शुभ मिश्रा और शिवम शर्मा ने दो-दो विकेट झटके।

## न्यूज डायरी




### सपा ने महर्षि कश्यप व महाराजा निषादराज गुह्य की मनाई जयंती

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर रविवार को मासिक बैठक आयोजित हुई। इस दौरान महर्षि कश्यप और महाराजा निषादराज गुह्य की जयंती भी मनाई गई। वक्ताओं ने उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर भगवान परशुराम जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की मांग की।पीडीए सरकार और संविधान बचाने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने बैठक को संबोधित करते हुए नारा दिया पीडीए को जिताएंगे संविधान को बचाएंगे। उन्होंने अनुशासन से शासन की ओर बढ़ने का आह्वान किया। फुरकान अली, ने 2027 चुनाव में भाजपा को कठिन चुनौती देने की बात कही। समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष अक्षय भटनागर, अतहर हुसैन अंसारी, कैसर अली कुद्दूसी सहित बड़ी संख्या में नेता-कार्यकर्ता शामिल हुए।




### काव्य गोष्ठी में गूंजे समाज, राष्ट्र और मानवता के स्वर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** हिंदी साहित्य संगम के तत्वावधान में आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज में काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें साहित्यकारों और कवियों ने समाज, राष्ट्र और मानवता से जुड़े विविध विषयों पर अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। इस अवसर पर जितेन्द्र कुमार जौली ने हास्य-व्यंग्य के माध्यम से युवा पीढ़ी पर कटाक्ष किया। डॉ. मनोज रस्तोगी और योगेन्द्र वर्मा 'व्योम' ने युद्ध की विभीषिका और मानवता पर गंभीर चिंतन प्रस्तुत किया। प्रशांत मिश्र, डॉ. कृष्णकुमार 'नाज' और कमल कुमार शर्मा ने सामाजिक विषमताओं व मानवीय संवेदनाओं को प्रभावशाली ढंग से उकेरा। अध्यक्ष ओंकार सिंह 'ओंकार' ने लोकजीवन का चित्रण किया, जबकि डॉ. महेश दिवाकर ने वीर रस की रचना से श्रोताओं में जोश भर दिया। नकुल त्यागी और रवि चतुर्वेदी ने आत्ममंथन और देशभक्ति पर आधारित रचनाएं प्रस्तुत कीं। अंत में जितेन्द्र कुमार जौली ने सभी का आभार व्यक्त किया।




### बाबू जगजीवन राम जयंती पर विचार गोष्ठी, दी श्रद्धांजलि

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भूड़े का चौराहा स्थित महानगर कांग्रेस के कैंप कार्यालय पर रविवार को पूर्व उप-प्रधानमंत्री जगजीवन राम की जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। महानगर अध्यक्ष जुनैद इकराम ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष थे, जिन्होंने दलितों, पिछड़ों और शोषितों के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने केंद्रीय मंत्री रहते हुए हरित क्रांति में अहम योगदान देकर देश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने में भूमिका निभाई थी। इस मौके पर नजाकत ठेकेदार, अफसर अंसारी, नेम सिंह, महफूज अली आदि मौजूद रहे।



### मर्यादा से बने थे पुरुषोत्तम श्रीराम तीन दिवसीय कथा का समापन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आर्य समाज बुद्धि विहार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय श्रीराम कथा एवं वेद कथा का रविवार को विधिवत समापन हुआ। अंतिम दिन सुबह के सत्र में वैदिक रीति से यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न परिवारों ने यज्ञमान के रूप में सहभागिता की। आचार्य पंडित लालकिशोर शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ संपन्न कराया। कथा के समापन सत्र में आर्य मनीषी सुमित्र अग्निहोत्री ने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने देवर्षि नारद से प्रेरणा लेकर श्रीराम के जीवन को रामायण के रूप में लिपिबद्ध किया, जो आज भी मानव समाज के लिए आदर्श और प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि श्रीराम का जीवन बचपन से लेकर वनवास और दोबारा अयोध्या वापसी तक मर्यादाओं, कर्तव्यनिष्ठा और आदर्शों से परिपूर्ण रहा। माता-पिता, गुरु, प्रजा और भाइयों के प्रति उनकी समर्पण भावना ही उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम बनाती है।

## भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया जनसेवा करने का संदेश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी महानगर मुरादाबाद के रामगंगा विहार मंडल का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान 2026 का रविवार को आशियाना कॉलोनी स्थित रेड सफायर बैंक्वेट हॉल में समापन हो गया। प्रशिक्षण में कुल सात सत्र आयोजित हुए।

प्रथम सत्र में दिनेश सिसोदिया ने जनसंघ से लेकर वर्तमान तक भाजपा के विकास और सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता करते हुए निमित जायसवाल ने कार्यकर्ताओं से राष्ट्रवाद और एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया। दूसरे सत्र में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल ने कहा कि यह अभियान कार्यकर्ताओं को जागरूक, संवेदनशील और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने का माध्यम है। तीसरे सत्र में राहुल शर्मा ने बूथ प्रबंधन को चुनाव की जीत का आधार बताते हुए अपना बूथ, सबसे मजबूत का मंत्र दिया। राजीव गुप्ता ने आगामी चुनाव को देखते हुए कार्यकर्ताओं से सक्रिय रहने की अपील की। चौथे सत्र में आईटी विभाग के संयोजक सुमित चौहान ने एआई और सोशल मीडिया के उपयोग पर जोर दिया। विपिन प्रजापति, मयंक कश्यप, अनुज शर्मा, महाभियान के महानगर संयोजक धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, सुनीता शर्मा, शशि किरण, अमित शर्मा, राजीव गुप्ता, सुरेंद्र विश्नोई, अर्चित गुप्ता, वनिता मेहरोत्रा, विजय वर्मा, पंकज शर्मा आदि मौजूद रहे।




ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# ट्रक की टक्कर से किसान की मौत

## कुंदरकी थाना क्षेत्र के काजीपुरा का रहने वाला था अनीस, खीरा बेचने जा रहा था

संवाददाता, कुंदरकी


मृतक अनीस।

**अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडी में खीरा बेचने जा रहे किसान के ऑटो में ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आसपास के लोग अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत से परिजनों का रो रोकर बुराहाल है।

परिजनों ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव काजीपुरा निवासी अनीस (48) पुत्र मुस्तकीम खान खेती किसानी करते थे। उन्होंने अपने खेत में खीरा की फसल की है। रविवार सुबह 5.30 बजे अनीस ऑटो में लादकर खीरा मुरादाबाद मंडी में बेचने के लिए जा रहे थे। तभी रास्ते में बिस्कुट फैक्ट्री के पास सामने से आ रहे ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। जिससे अनीस गंभीर रूप से घायल हो गए। ऑटो चालक किसी तरह बच गया। पुलिस ने अनीस को अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अनीस की मौत से । पत्नी नसीम जहां, बड़े बेटे तंजीम, छोटे बेटे आरिस और गोद ली हुई बेटी अरीबा का रो रोकर बुराहाल है।


अनीस की मौत के बाद रोती बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

### डंपर की टक्कर से कार सवार घायल

डिलारी, अमृत विचार : गांव करनपुर के पास डंपर की टक्कर से कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव लकड़हैर थाना नौगांवा सादात जनपद अमरोहा निवासी 22 वर्षीय युवक अपनी कार से ठाकुरद्वारा को जा रहा था। तभी गांव आलियाबाद करणपुर के पास अनियंत्रित डंपर ने सामने से टक्कर मार दी, जिससे सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को उठाकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डिलारी में भर्ती कर दिया। हालत बिगड़ती देख तैनात डॉक्टरों ने जिला अस्पताल को रेफर कर दिया। घायल के पिता की तहरीर के अनुसार थाना डिलारी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

### हादसे में युवक की मौत

बिलारी, अमृत विचार : सिरसी रोड पर एक अप्रैल को तेज गति से आ रही बोलेरो ने टेंपों को टक्कर मार दी थी। हादसे में टेंपों में सवार जनपद संभल के थाना असमोली के गांव मुबारकपुर बंद निवासी असगर के बेटे की मौत हो गई थी। वह अपनी बहन के यहां बनियाठेर जा रहा था। इस प्रकरण में असगर अली की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## विवाद में दो लोगों का शांति भग में किया चालान

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** थाना डिलारी क्षेत्र के ग्राम काजीपुरा में कृषि भूमि को लेकर चल रहे विवाद के दौरान शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की।

- **गेहूं की फसल काटने को लेकर दोनों पक्षों के बीच कई दिनों से चल रहा था विवाद**

जानकारी के अनुसार, ग्राम काजीपुरा में गेहूं की फसल काटने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन विवाद बढ़ने पर स्थिति तनावपूर्ण हो गई। इस दौरान पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आबिद पुत्र हुसैन बख्श और मोहम्मद रिजवान पुत्र हुसैन बख्श निवासी ग्राम मुस्तापुर बहेड़ा को हिरासत में लेकर चालानी कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को हिदायत दी गई है कि यदि दोबारा गांव मे दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# एचटी लाइन में फॉल्ट से उठी चिंगारी, गेहूं जला


गांव मुंशीगंज में कटे गेहूं में आग बुझाते दमकल कर्मी व ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- **फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर बुझाई आग**

**अमृत विचार :** मुरादाबाद हाईवे स्थित मुंशीगंज के जंगल में रविवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया, जब खेत से गुजर रही हाईटेंशन लाइन में अचानक फॉल्ट होने से निकली चिंगारी ने किसान की गेहूं की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि लगभग 12 बीघा कटे गेहूं का लाक जलकर राख हो गया।

जानकारी के अनुसार, मुंशीगंज निवासी किसान जगतार सिंह पुत्र हजूर सिंह के खेत के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। दोपहर करीब 2 बजे तारों में अचानक फॉल्ट हुआ, जिससे निकली चिंगारी ने खेत में रखे कटे गेहूं को आग के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में ट्रैक्टर व अन्य संसाधनों के साथ मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। सूचना पर दमकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। पीड़ित किसान जगतार सिंह ने बताया कि खेत से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को हटाने की मांग वह लंबे समय से विद्युत विभाग के अधिकारियों से करते आ रहे हैं। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# डिलरा चौक पर डग्गामार वाहनों के कारण लगा जाम, लोग परेशान

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

- **मुश्किल से पुलिस सुचारू कराया यातायात**

**अमृत विचार :** थाना डिलारी क्षेत्र के डिलरा चौक पर रविवार को अवैध रूप से खड़े टेंपो के कारण भीषण जाम लग गया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम के चलते सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। लोगों को काफी देर तक जाम में फंसे रहना पड़ा।

सूचना मिलने पर थाना डिलारी पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद जाम को खुलवाया। पुलिसकर्मियों ने यातायात को व्यवस्थित करते हुए धीरे-धीरे वाहनों को निकलवाया, जिसके बाद हालात सामान्य हो सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि डिलरा चौक पर अवैध टेंपो संचालन के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती रहती है, खासकर साप्ताहिक बाजार के दौरान समस्या और विकराल हो जाती है। आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद प्रशासन की अनदेखी के चलते समस्या जस की तस बनी हुई है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि भविष्य में जाम की स्थिति से राहत मिल सके।

## आर्य समाज की बैठक में आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया

**कांठ, अमृत विचारः** आर्य समाज की बैठक में बीते वर्ष का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया गया। आगामी वर्ष के लिए कार्यों की रूपरेखा तय की गई। इस दौरान नए सभासद का मनोनयन भी किया गया। कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता ने वर्ष का वित्तीय विवरण प्रस्तुत किया।

बैठक में अध्यक्ष सुरेश चंद्र राणा ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से 39 नए सभासद मनोनीत किए गए। कार्यक्रम में सुशील मणि गुप्ता, डॉ. निर्मल चंद्र गुप्ता, अमित पप्पन, भूपेंद्र चौहान, अरविंद चौहान, आदेश चौहान, मास्टर हरि सिंह, रतेश शर्मा, राजेंद्र सिंह, राजीव चौहान, नौबत सिंह, डॉ. नरेंद्र सिंह, सरदार सनी गांधी आदि मौजूद रहे।

# बिजली के प्रीपेड स्मार्ट मीटरों के खिलाफ जन संसद में उठी आवाज

संवाददाता, बिलारी


जन संसद में बोलते श्रीकांत गुप्ता।

- **लोगों ने कहा भुगतान होने के बाद भी नहीं शुरू हो पा रही विद्युत आपूर्ति**

**अमृत विचार :** नगर स्थित ब्रज रतन बैंक्विट हॉल में सामाजिक कार्यकर्ता संगठन ने प्रीपेड बिजली मीटरों के विरुद्ध जन संसद का आयोजन किया। जिसमें सामाजिक और राजनीतिक दलों के सदस्य, उपभोक्ताओं ने प्रतिभाग कर स्मार्ट प्रीपेड मीटरों से जुड़ी परेशानियों को बताया।

दानवीर ने बताया बिल जमा करने के बावजूद उनकी बिजली बहाल नहीं हुई, जिससे उन्हें काफी परेशानी झेलनी पड़ी। असीम अंसारी ने कहा उनके घर में शादी समारोह था, दो दिनों तक बिजली न होने से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। एक दुर्घटना में दोनों टांगें गंवा चुके नकीं ने कहा रोज बिजली बिल जमा करना संभव नहीं है। आर्थिक परिस्थिति के उतार-चढ़ाव के कारण कई बार पैसे नहीं होते, ऐसे में लगातार दो दिन से बिजली कटने से उनका जीवन और मुश्किल हो गया है। जन संसद का संचालन कर रहे नोमान जमाल ने कहा बिना उपभोक्ता की सहमति स्मार्ट मीटरों को प्रीपेड मोड में बदलना बिल्कुल गलत है। इसके खिलाफ आंदोलन की तैयारी की जाएगी। भयराज सिंह ने कहा इस शोषण के विरुद्ध व्यापक स्तर पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम में सभासद देवेश शर्मा, फैसल रज़ा, माजिद अंसारी, नामित सभासद श्रीकान्त गुप्ता, डॉ. राकेश रफ़ीक ने प्रीपेड मीटर लगाने पर नाराजगी जताई। इनके अलावा डॉ. जितेंद्र दक्ष, कसीम आज़ाद, आशु बालियान, अंकुर,चौधरी, विक्की चौधरी, प्रधान माजिद हुसैन, बबलू मसूदी, मेहरान सिद्दीकी, दानवीर, वीनू सक्सेना, प्रभांक सिंघम, गगन दीप, हप्पू राजा, डॉ. धर्मवीर,कासम अंसारी, ,निक्की शर्मा,बाबू अंसारी, नसीब बब्लू आदि तमाम लोगों ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर का विरोध जताया।

## चेतावनी के बाद शुरू हुआ सड़क निर्माण कार्य

**कांठ, अमृत विचारः** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम जमालपुर मुंडा नंगला में पिछले तीन वर्षों से सड़क निर्माण की शिकायतों को अधिकारियों ने नजर अंदाज कर दिया। भाजपा कार्यकर्ता द्वारा मुख्यमंत्री से मिलने की चेतावनी पर प्रशासन जाग गया। प्रशासन ने आनन फानन में 3 वर्ष से रुके सड़क निर्माण कार्य को रविवार को शुरू करा दिया है। ग्रामवासी कच्ची सड़क के निर्माण की मांग कर रहे थे। भाजपा के बूथ अध्यक्ष सुखवीर सिंह ने जब मुख्यमंत्री से मिलने के लिए लखनऊ निकल गए। तब प्रशासन का मंडल अध्यक्ष आंचल चौधरी को फोन आया और अधिकारियों में हड़कंप मच गया। इसके बाद निर्माण कार्य शुरू हो गया।

# परंपरागत तरीके से निकाली जाएगी डॉ. भीमराव आंबेडकर शोभायात्रा

संवाददाता, बिलारी


पीस कमेटी की बैठक में बोलते पूर्व प्रधान कल्याण सिंह। ● अमृत विचार

- **15 अप्रैल को बिलारी में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आयोजित होंगे कार्यक्रम**

**अमृत विचार :** आगामी 15 अप्रैल को बिलारी नगर में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर निकलने वाली विशाल शोभायात्रा और तीन दिवसीय मेले के मध्य नजर कोतवाली बिलारी में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कमेटी और देहात की शाखाओं के अध्यक्ष के अलावा शोभायात्रा से संबंधित लोग मौजूद रहे।

कोतवाली प्रभारी ने कहा कि शोभायात्रा परंपरागत तरीके से ही निकल जाएगी। देहात क्षेत्र से भी शोभायात्रा नगर की शोभायात्रा में शामिल होती है। मील क्षेत्र से आने वाली शोभायात्रा गांधी मूर्ति से नगर की शोभायात्रा में शामिल होती है। शाहाबाद रोड की तरफ से आने वाले सरकारी अस्पताल वाली रोड से होते हुए मुख्य शोभायात्रा में शामिल होती है। कमेटी के पदाधिकारीयों से कहा कि शोभायात्रा में वह अपने वालंटियर भी रखें। पुलिस उनके लिए मौजूद रहेगी। सहसपुर के पूर्व प्रधान कल्याण सिंह ने शोभायात्रा वाले दिन 2 घंटे शाम के लिए शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इस दौरान अंबेडकर युवक संघ के अध्यक्ष डॉ जगतपाल सिंह, डॉ. चरण सिंह, कुवंर पाल सिंह, रन सिंह भारती, मनवीर सिंह, ग्राम प्रधान ओमप्रकाश, प्रभांक सिंघम, बादाम सिंह आदि रहे।

# दंपती को गन प्वाइंट पर लेकर लाखों की लूट

संवाददाता, भोजपुर

- **पीड़ित के बेटे ने तहरीर देकर दर्ज कराई रिपोर्ट**
- **पुलिस ने लूट की घटना को चोरी में किया दर्ज**

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव में सशस्त्र बदमाशों ने बुजुर्ग दंपती को गन प्वाइंट पर ले लिया। इसके बाद आरोपियों ने घर में रखे, जेवर व नकदी आदि सामान ले लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। तहरीर पर पुलिस ने लूट की घटना को चोरी में दर्ज किया है। इससे लोगों में रोष है।

थाना क्षेत्र के गांव मिलक पीपलसाना भीमसेन पुत्र रमेश सिंह ने बताया कि कि उनके पिता रमेश सिंह की उम्र करीब 65 वर्ष है। शनिवार रात को उनके पिता व मां आंगन में सो रहे थे। इसी दौरान हथियारों से लैस बदमाश उनके घर में दाखिल हो गए। बदमाशों ने उनके माता-पिता को गन प्वाइंट पर लेकर धमकाया और घर में रखे 1.50 लाख रुपये व सोने चांदी के जेवर लूट लिए। शोर मचाने पर बदमाशों ने जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों के जाने के बाद उनके पिता रमेश सिंह ने शोर मचाया। तब वह और गांव के लोग मौके पर पहुंचे। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने थाना पर तहरीर दी है। लेकिन पुलिस ने लूट की घटना को चोरी में दर्ज किया है। इससे लोगों में रोष है।

# रिश्ते के चाचा ने किया भतीजी का अपहरण

संवाददाता, भोजपुर

- **पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट**
- **सीसीटीवी में बच्ची को ले जाते हुए वीडियो में दिख रहा है आरोपी**

**अमृत विचार :** रिश्ते के चाचा ने10 वर्षीया भतीजी का अपहरण कर लिया। बच्ची को ले जाते हुए आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। लड़की कि पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस बच्ची की बरामदगी के लिए लगातार दबिश दे रही है।

गांव अटरिया निवासी रिजवान पुत्र गफूर ने बताया है कि शुक्रवार की दोपहर को दो बजे दस वर्षीय बेटी अलशीफा घर के बहार खेल रही थी। उत्तराखंड के थाना किच्छा निवासी चचेरा भाई नदीम पुत्र अफसर अली मेरे घर आया था। उसने कुछ देर पीड़ित की मां से बातचीत की और बाद मे बाहर चला गया। इसके बाद आरोपी पीड़ित की 10 वर्षीया बेटी अलशिफा को जबरन प्लेटिना बाईक पर बैठाकर दलपतपुर की तरफ ले गया। इस दौरान उसने अपना मोबाइल फोन बन्द कर लिया। बेटी को ढूढने गांव वालों को साथ लेकर रास्ते में पड़ने वाले गांव अहमदपुर में लगे सीसीटीवी कैमरों, गोविन्दपुर के पैट्रोल पम्प पर लगे सीसीटीवी कैमरों और गोविन्दपुर की कैनरा बैंक के कैमरों की फुटेज देखी तो नदीम बेटी गुलशिफा को बाईक पर साथ ले जाते हुए दिखाई दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## न्यूज डायरी

### सोनू अध्यक्ष और मोहित बने उपाध्यक्ष

**कांठ अमृत विचार :** श्री रविदास धर्मशाला में अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सोनू कुमार को अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ का अध्यक्ष, मोहित कुमार को उपाध्यक्ष, राजपाल सिंह को कोषाध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया। बैठक की अध्यक्षता बलवंत सिंह एवं संचालन ओमप्रकाश सिंह बौद्ध उर्फ रावण ने किया। इस अवसर पर, हेतराम सिंह, जगराज सिंह, नवनीत कुमार, संजय कुमार, कपिल कुमार, मुकेश कुमार, मोहित कुमार, दीपक कुमार, विकास कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।



### योग से स्वस्थ जीवन का दिया संदेश, लोगों ने किया योग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सुरजन नगर चौकी क्षेत्र के ग्राम रामपुर घोघर, तहसील ठाकुरद्वारा में आयोजित 5 दिवसीय योग शिविर में स्थानीय ग्रामीणों और योग साधकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिल रही है। योग प्रशिक्षक वेद प्रकाश सिंह के मार्गदर्शन में साधकों को विभिन्न प्रकार के योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया जा रहा है। योग शिविर के माध्यम से क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है।



### कांग्रेसियों ने बाबू जगजीवन राम को किया नमन, दी श्रद्धांजलि

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कांग्रेस कमेटी द्वारा बाजार गंज स्थित कार्यालय पर देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं वरिष्ठ नेता स्वर्गीय बाबू जगजीवन राम की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस दौरान कांग्रेस नगर अध्यक्ष शमीम चौधरी, सलमा आगा, वरिष्ठ नेता शरीफ आजाद, जिला सचिव मो. दीन सिद्दीकी, हाजी मुस्तकीम, शरीफ सिद्दीकी, इंतजार कुरेशी, मास्टर रईस अहमद, इदरीस कस्सार, शमशेर अंसारी, हाजी इशाक अंसारी, ज़ाकिर अंसारी, डॉ. हाजी बाबू हुसैन अंसारी, मो. दानिश, अब्दुल रब अंसारी आदि लोग रहे।



### सेवानिवृत्त शिक्षक को सम्मानित कर दी शुभकामनाएं

**कांठ, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ छजलैट ने शिक्षक के सेवानिवृत कार्यक्रम में शिक्षक को सम्मामित कर शुभकामनाएं दी। वरिष्ठ शिक्षक महेश चंद्र शर्मा प्रधानाध्यापक कंपोजिट विद्यालय मधुवा खालसा में अपनी सेवाएं दी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ छजलैट के अध्यक्ष गौरव यादव विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में रामानंद यादव, छत्रसैन तनेजा, सुशांत चौहान, सुमित विश्नोई, कुंवरपाल सिंह, आलोक कुमार, दिनेश कुमार, अशोक विश्नोई, राजवीर सिंह, सत्येंद्र कुमार, कमल सिंह, सत्यवीर सिंह आदि रहे।



### बाबू जगजीवन राम की जयंती गोष्ठी आयोजित

कांठ, अमृत विचार : छजलैट ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी बाबू जगजीवन राम की जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जगजीवन राम के व्यक्तित्व की जानकारी दी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी 2027 के चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेगी। इस अवसर पर डॉ. सिराजुद्दीन अंसारी, शरीफ आजाद, विनीत चौहान, सी.पी. सिंह, विजय भटनागर, सोवीर यादव, तारिक रियाज, जाफर अली, कलुवा, रहीसुद्दीन, परम सिंह सैनी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### श्रद्धा के साथ मनाई महर्षि कश्यप जयंती

**कांठ अमृत विचार :** बेगमपुर में कश्यप समाज के लोगों ने महर्षि कश्यप की जयंती मनाई। महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर लोग रामावतार सिंह कश्यप के आवास पर एकत्रित हुए और महर्षि कश्यप के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नेत्री विमल कश्यप ने विचार रखे। इस मौके पर राजू कश्यप, राधा कश्यप, अनीता कश्यप, रेखा कश्यप, मोनिका आदि रहे।

न्यूज ब्रीफ

### तोपखाना से बंजरिया मार्ग का चौड़ीकरण हो

**रामपुर, अमृत विचार :** लोगों ने रामपुर तोपखाना से प्राणपुर होते हुए बंजरिया मार्ग का चौड़ीकरण करवाने की मांग की है। चमरौआ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी एवं जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन ने कहा कि रामपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का विकास पिछड़ रहा है। इसमें कई नेता दोषी हैं। बंजारिया मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर ग्रामीणों के साथ जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने प्राणपुर मार्ग पर प्रदर्शन किया। रामपुर जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन ने आगे कहा कि कुछ नेता सिर्फ सत्ता का रौना गाते रहते हैं।

### अंबेडकर पार्क की बदहाली दूर कराएं

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय अंबेडकर सभा के जिला महासचिव एवं राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के प्रदेश महामंत्री धर्म कुमार वाल्मीकि ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को भेजे पत्र में अंबेडकर पार्क की बदहाली दूर कराए जाने की मांग की है। इसमें बताया कि 14 अप्रैल का बाबा साहब के जन्मोत्सव पर प्रभात फेरी निकाली जाएगी जोकि, हाईवे स्थित अंबेडकर पार्क पहुंचेगी। कहा गया है कि 10 अप्रैल तक पार्क का सौंदर्यीकरण करा दिया जाए। कहा कि पार्क में काफी गंदगी है। शौचालयों की हालत बहुत खराब है वहां काफी गंदगी है।

# श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के प्रकाश पर्व पर गूंजे शबद-कीर्तन

## नगर कीर्तन में पंच प्यारे, पालकी साहब और रागी जत्थे ने किया गुरु की महिमा का गुणगान, जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


नगर कीर्तन में शबद कीर्तन करते रागी जत्था। ● अमृत विचार


नगर कीर्तन में पीटी करते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के प्रकाश पर्व पर रविवार की सुबह सिविल लाइंस स्थित गुरुद्वारा संत भाई जी से नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन में पालकी साहब, पंच प्यारे, निशानची और स्कूली बच्चे पीटी करते चल रहे थे। बैंड की धुन पर शबद कीर्तन बज रहा था। रास्ते में जगह-जगह पालकी साहब पर पुष्प वर्षा हुई और संगत को प्रसाद वितरण किया गया।

नगर कीर्तन के गुरुद्वारा पहुंचने के बाद निशान साहिब का चोला बदलने की सेवा हुई और संगत को लंगर बरताया गया। नगर कीर्तन सुबह 9:30 बजे गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा से शुरू होकर श्री गुरु गोविंद सिंह पार्क, मंदिर वाली गली से गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा होते हुए गुरु नानक दरबार गेट से वापस गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा पहुंचा। गुरुद्वारे में निशान साहिब के चोला बदलने की सेवा हुई। शबद-कीर्तन के बाद संगत को अटूट लंगर बरताया गया। इससे पहले नगर कीर्तन में पालकी साहिब को कंधों पर संगत लेकर चल रही थी जिसमें श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी विराजमान थे। उसके आगे नगर पालिका का टैंकर पानी का छिड़काव करते हुए चल रहा था। जिसकी अगुवाई जत्थेदार अजीत सिंह कर रहे थे। टैंकर के पीछे पंच प्यारे, निशानची चल रहे थे।

छोटे-छोटे बच्चे भी पंच प्यारे बने थे जो प्रभात फेरी के साथ चल रहे थे। बैंड की धुन पर स्कूल के बच्चे एवं गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा के छोटे-छोटे बच्चों की पीटी टीम भी करतब दिखाते हुए आगे बढ़ रही थी। श्री सुखमनी सेवा समिति का शब्दी जत्था एवं स्त्री सत्संग सभाओं एवं नाम सिमरन जत्था शबद कीर्तन करते हुए चल रहे थे। नगर कीर्तन की वापसी के बाद जिन जत्थों एवं संगत द्वारा जो भी सेवाएं दी गई उनका गुरुद्वारा प्रधान दर्शन सिंह खुराना द्वारा आभार व्यक्त किया गया। नगर कीर्तन में मीत प्रधान गुरचरण सिंह आहूजा, सेक्रेटरी त्रिलोचन सिंह वाधवा, भूपेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह चावला, अमरजीत सिंह, महेंद्र सिंह होरा, राधेश्याम अरोड़ा, हरीश अरोड़ा, हरपाल सिंह, जसमीत सिंह, पपेंद्र सिंह, संतोख सिंह, धनवंत सिंह, प्रेम अरोड़ा, रविंद्र सिंह, गुरजीत सिंह, हरजीत सिंह, राज सिंह, सचिन गुलाटी, गुरदेव सिंह, पारस अरोरा, सतविंदर सिंह, मुख्य ग्रंथि सेवा सिंह, गुरमीत सिंह, सेवादार राजा सिंह, परमजीत सिंह, अवतार सिंह लाडी, जसमीत सिंह वीर, ने भी प्रभात फेरी में सेवा की।


पालकी साहब को कांधा लगाए सेवक।



नगर कीर्तन में शामिल पंच प्यारे और निशानची। ● अमृत विचार

### गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा में 7 तक होंगे शबद कीर्तन और अरदास

गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा से नगर कीर्तन प्रारंभ होने से पूर्व गुरुद्वारे में सुबह 9 बजे अरदास उपरांत श्री अखंड पाठ साहिब जी की आरंभता हुई। 6 अप्रैल को रात में 9 बजे दीवान सजेगा। श्री अखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति 7 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे होगी। इसके बाद श्री दरबार साहिब अमृतसर से आए भाई जगरूप सिंह हजूरी रागी जत्था एवं पटियाला से आए भाई विश्व दीप सिंह द्वारा शबद कीर्तन करेंगे। अरदास के बाद दूसरा दीवान सजेगा जिसकी समाप्ति अपराह्न 2:30 बजे होगी। उसके बाद गुरु का अटूट लंगर बांटा जाएगा।

# समर्पण, संगठन प्रतिबद्धता से भाजपा का हो रहा विस्तार


पूर्व राज्यमंत्री शिव बहादुर सक्सेना व शहर विधायक से वार्ता करते नकवी।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी रविवार दोपहर को रामपुर पहुंचे। कोसी पुल पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। नकवी ने कहा कि पार्टी का लगातार विस्तार, समर्पित कार्यकर्ताओं और संगठनात्मक प्रतिबद्धता का नतीजा है।

कहा कि हम सबको बीजेपी की 5 निष्ठाओं से राजनीति के प्रति निष्ठा और प्रतिबद्धता से ही राष्ट्र निर्माण के संकल्प की दृढ़ निश्चय के साथ देश को प्रगति के रास्ते पर ले जाना है। वो भाजपा के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर पार्टी के संस्थापक सदस्य, वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्य मंत्री शिव बहादुर सक्सेना से आवास पर मिले। सोमवार को 11 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय पर पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# ईस्टर पर सजे चर्च, पादरी बोले- मृत्यु के बाद पुनः जीवित हो उठे प्रभु यीशु

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** ईस्टर पर गिरजाघरों को रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया। ईस्टर पर तड़के हाईवे स्थित मैथोडिस्ट चर्च में मसीह समाज के लोग एकत्रित हुए और जुलूस निकाला। जुलूस में प्रभु यीशु के जीवन को दर्शाती झांकियां शामिल रही। चर्च में हुई सरमन में पादरी नितिनि मैसी ने कहा कि इसी दिन प्रभु यीशु मृत्यु के तीन दिन बाद पुनः जीवित हुए थे।

इसके बाद उन्होंने चालीस दिनों तक अपने शिष्यों के साथ समय बिताया और लोगों को प्रेम, दया और क्षमा का संदेश दिया। फिर वे स्वर्ग की ओर प्रस्थान कर गए। हाईवे स्थित मैथोडिस्ट चर्च में रविवार तड़के मसीह समाज के लोग एकत्रित हुए। इसके बाद पादरी नितिन मैसी के नेतृत्व में निकाले गए जुलूस में प्रभु यीशु के जीवन को दर्शाती हुई झांकियां शामिल थीं। युवा गिटार और वायलिन पर धार्मिक धुन बजाते चल रहे थे। झांकियों में बैठे बच्चे हाथों में जीसस इज राइजन की पट्टियां थामे बैठे थे। महिलाओं ने हाथों में क्रूस चिन्ह पकड़े हुए थे इसके अलावा कैंडल लिए हुए लोग शामिल थे। लोग कैंडल पकड़कर प्रभु यीशु की आराधना करते हुए चल रहे थे। जुलूस राहे रजा, एसपी कोठी, एलआईसी रोड, राहे मुर्तजा, हाईवे स्थित राम-रहीम पुल के नीचे से होते हुए हाईवे स्थित चर्च पहुंचा। जुलूस के मैथोडिस्ट चर्च पहुंचने पर हाथों में कैंडल थामे लोगों ने कैंडल को चर्च की दीवार पर रख दिया। इसके बाद चर्च में पादरी नितिन मैसी ने सरमन में कहा कि ईस्टर संडे को प्रभु यीशु मुर्दों के बीच से जी उठे थे और 40 दिन दुनिया में रहने के बाद स्वर्ग चले गए थे। जुलूस में पीयूष ग्रिफिन, एनोस लाल, एली ग्रिफिन, अंकिता ग्रिफिन, मोहित, अमित, जॉन विश्वास, रिंकू, सचिन, दीपक आदि शामिल रहे।


ईस्टर पर निकाले गए जुलूस में शामिल पास्टर नितिन मैसी एवं अन्य। ● अमृत विचार


बिलासपुर के गांव जोसफनगर स्थित चर्च में प्रार्थना करते फादर।


झांकी से प्रभु यीशु का संदेश देते युवा। ● अमृत विचार

### प्रभु यीशु के पुनर्जीवित होने की मनाईं खुशियां, निकाला कैंडल मार्च

**बिलासपुर, अमृत विचार :** इसाई समुदाय ने पास्का जागरण कर प्रभु यीशु के पुनर्जीवित होने की खुशियां मनाईं और कैंडल मार्च निकाला। ग्राम जोसफनगर स्थित सेंट थॉमस कैथोलिक चर्च परिसर में इसाई समुदाय के लोग एकत्रित हुए। वहां पल्ली पुरोहित फादर नियामत सिद्धू के नेतृत्व में पवित्र रात के अनुष्ठान प्रारंभ हुए। वहां मृत्यु से जीवन, पाप से मुक्ति और अंधेरे से उजाले की प्रतीक अग्नि प्रज्वलित की गई। इस अग्नि से मोमबत्तियां जलाई गईं और मसीह के प्रकाश के प्रतीक के रूप में ईश्वर के चमत्कारों के पाठ पढ़े गए। पल्ली पुरोहित के साथ समुदाय के सभी विश्वासियों ने चर्च परिसर में मोमबत्ती जुलूस निकाला। चर्च के मुख्य द्वार पर पहुंचकर प्रार्थना की और फिर चर्च के भीतर प्रवेश किया, जहां पल्ली पुरोहित ने विभिन्न पूजन विधियां सम्पन्न कराईं। इसके अंतर्गत आशीष के उपरांत सभी विश्वासियों पर पवित्र जल छिड़का गया और बाइबिल से पाठ किए गए। फादर सिद्धू ने प्रभु यीशु के पुनरुत्थान की पवित्र रात में पास्का जागरण का महत्व बताया और कहा कि प्रभु यीशु ने अपना बलिदान देकर चाहा कि हम अनंत जीवन प्राप्त कर सकें। उन्होंने सम्पूर्ण विश्व के कल्याण एवं शांति और अपने देश की उन्नति के लिए विशेष प्रार्थना की। पास्का जागरण के समापन पर ईस्टर एग वितरित किया गया। कार्यक्रम में चर्च कमेटी के उपाध्यक्ष एम्ब्रोस कुटीना, मास्टर थॉमस, नाजर मसीह, माइकल भट्टी, रमेश मसीह, नंदू मसीह, रोहित मसीह, राज मसीह, अमीषा कुटीना आदि शामिल रहे।

# रामपुर में चमक रहीं सड़कें, घूम रहा विकास का पहिया: आकाश

संवाददाता कार्यालय, रामपुर



बाबादीप सिंह नगर में सड़कों का लोकार्पण करते शहर विधायक आकाश सक्सेना व अन्य।

● **बाबा दीप सिंह नगर में शहर विधायक ने तीन सड़कों का किया लोकार्पण**

**अमृत विचार :** रविवार को बाबा दीप सिंह नगर में शहर विधायक आकाश सक्सेना ने तीन सड़कों का लोकार्पण किया। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि अब विकास रामपुर की पहचान होगी। न सिर्फ यहां की सड़कें चमक रही हैं, बल्कि बाजार भी संवर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि एक वक्त था जब रामपुर में विकास सिर्फ चुनिंदा क्षेत्रों में ही होता था। उस वक्त नगर पालिका बोर्ड में यह प्रस्ताव तक पास हुआ था कि ज्वालानगर और सिविल लाइंस से सपा को वोट नहीं मिला। वहां से भाजपा विजयी हुई है, इसलिए इन इलाकों में विकास कार्य नहीं कराए जाएंगे। इसी भेदभाव के आधार पर विकास कार्य हुए भी। लोग दशकों तक कच्ची और बदहाल सड़कों से गुजरने को मजबूर रहे। पीने के लिए पानी नहीं था, तो लोगों के घरों में शाम होते ही अंधेरा पसर जाता था। ऐसे हालात बन गए थे कि लोगों का जीना दुश्वार हो गया था। लेकिन, 2017 के बाद सूबे की सत्ता बदली, तो रामपुर के हालात भी बदल गए। जनता से भेदभाव करने वाले आज जेल में सजा काट रहे हैं। ज्वालानगर और सिविल लाइंस के साथ ही पूरे शहर में चारों तरफ विकास कार्य चल रहे हैं। लोगों को भरपूर बिजली के साथ ही पानी मिल रहा है।

# असामाजिक तत्व हरि मंदिर के सौंदर्यीकरण में बन रहे बाधा

कार्यालय संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव गोकुलनगरी स्थित मतुआ समाज के प्राचीन हरि मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगाया। इस संबंध में मतुआ सेवा ट्रस्ट ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मंदिर के संरक्षण और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

मुख्यमंत्री को भेजे गए प्रार्थना पत्र में ट्रस्ट ने अवगत कराया कि गोकुलनगरी में ग्राम समाज की भूमि पर स्थित यह हरि मंदिर समाज की आस्था का मुख्य केंद्र है। इसका निर्माण पूर्व में ग्राम प्रधान व ग्रामीणों की आपसी सहमति से किया गया था। यहां प्रतिवर्ष विशाल महोत्सव का आयोजन भी होता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु जुटते हैं। आरोप है कि पिछले कुछ समय से गांव के ही कुछ असामाजिक तत्व मंदिर के विकास और सौंदर्यीकरण कार्य को रुकवाने की साजिश रच रहे हैं। ट्रस्ट ने पत्र में नामजद शिकायत करते हुए कहा है कि यदि मंदिर के निर्माण में बाधा डालने वालों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो समाज में भारी रोष व्याप्त होगा। मांग की है कि मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य को निर्बाध रूप से पूर्ण कराया जाए और अराजकता फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाए। शिकायत करने वालों में ट्रस्ट के ऑल इंडिया मतुआ महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष जयकिशन मंडल, मतुआ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष शुभांकर वाईन, कोषाध्यक्ष दिलीप हालदार, सुधीर वाईन, सचिन सरकार आदि के हस्ताक्षर शामिल है।

## न्यूज डायरी



### रामपुर ने संभल को दी 7-0 से शिकस्त

**रामपुर, अमृत विचार :** स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम पर क्रीड़ा भारती एवं अंबेडकर क्लब के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय बाबा साहब भीमराव अंबेडकर फुटबॉल टूर्नामेंट में रविवार को अंबेडकर फुटबॉल क्लब रामपुर और संभल के बीच खेला। अंबेडकर क्लब के खिलाड़ियों ने पहले हाफ में 5 गोल की बढ़त बनाई जवाब में संभल की टीम के खिलाड़ी एक गोल करने के लिए मैच के अंत तक प्रयास करते रहे। मैच शुरू होने के 10 वें मिनट मे अंबेडकर आशु ने 1 गोल मारकर बढ़त बना ली। इसके बाद 14 वे मिनट और 19 वे मिनट में तीसरा गोल किया। इसके बाद 22 वे मिनट में मोनू ने चौथा और 25 वे मिनट में संजीत ने पांचवा गोल कर पहले हॉफ में 5 गोल से बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में एक बार फिर अम्बेडकर फुटबॉल क्लब के खिलाड़ियों ने जबरदस्त खेल दिखाते हुए 45 वे मिनट में अजीत ने छठा ओर 57 वे मिनट में मोनू ने सातवां गोल कर दिया। संभल की टीम के खिलाड़ी एक गोल के लिए संघर्ष करते रहे।



### मिक्की मियां की पुण्यतिथि मनाई

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस स्थित कांग्रेस कैंप कार्यालय पर रविवार को कांग्रेसियों ने रामपुर से पांच बार सांसद रहे मरहूम नवाब जुल्फिकार अली खां उर्फ मिक्की मियां की पुण्यतिथि पर उनको याद किया। पूर्व सांसद के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको विनम्र श्रद्धांजलि दी। पूर्व विधायक अफरोज अली खां ने कहा कि मिक्की मियां रामपुर की राजनीति का वह नाम है, जिन्होंने रामपुर के विकास के लिए कई अहम कदम उठाए। साथ ही रामपुर से उनका रिश्ता परिवार के मुखिया की तरह था। शायद अब दोबारा रामपुर की राजनीति में मिक्की जैसा कोई नेता पैदा नहीं होगा, उन्होंने राजनीति में कभी कोई भेदभाव नहीं किया। मिक्की मिंया के बिना रामपुर की राजनीति अधूरी रह गई। उन्होंने सभी को बराबर का सम्मान दिया था यही वजह थी की रामपुर कांग्रेस का गढ़ था। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र देव गुप्ता, गन्ना विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष बाबर अली खां, पूर्व शहर अध्यक्ष नोमान खां, इकबाल खां, मुशताक अली, वासिक अली, लल्लन खां, इदरीस हुसैन, मोहम्मद आलिम आदि रहे।



### समाज को मजबूत करने के लिए संगठित होने की जरूरत: कमल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** रविवार को सिनेमा रोड़ स्थित मां भगवती दुर्गा मंदिर में तुरैहा मछुआ कश्यप समाज द्वारा भगवान महर्षि कश्यप के जन्मोत्सव एवं महाराजा निषादराज की जयंती मनाई गई। तुरैहा मछुआ समाज के जिलाध्यक्ष कमल तुरैहा ने कहा कि समाज को मजबूत करने के लिए संगठित होना बेहद जरूरी है। जिला महामंत्री रामसिंह तुरैहा, नीरज कश्यप, राजाराम कश्यप एवं मनोहर लाल कश्यप ने कहा कि समाज को एकजुट होना होगा तभी हम विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकते हैं। पूर्व सभासद ने रमेश कश्यप ने महाराजा निषाद राज गुहा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। तुरैहा मछुआ समाज के जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि नगर ही नहीं पूरे रामपुर और प्रदेश समेत हमारा तुरैहा कश्यप समाज अपने हक अधिकार की लड़ाई के लिए जागरूक है। हमारे समाज के बच्चे आने वाले कल का भविष्य है। इस मौके पर राजपाल उर्फ राजू कश्यप, डॉ. कृपाल सिंह तुरैहा, बाल किशोर तुरैहा, गोविंद राम तुरैहा, ओमप्रकाश कश्यप, विनोद कश्यप, मनोहर लाल कश्यप, नीरज कश्यप, जोगेंद्र कश्यप, ओमी कश्यप आदि रहे।



### महर्षि कश्यप व महाराजा निषादराज की जयंती मनाई

**रामपुर, अमृत विचार :** शाहबाद तहसील के ग्राम टांडा स्थित वीर एकलव्य जूनियर हाई स्कूल में रविवार को कश्यप तुरैहा समाज ने महर्षि कश्यप और महाराजा निषादराज जयंती मनाई। कार्यक्रम में धीवर, कहार, मल्लाह, सिंघाड़िया, तुराहा और बाथम आदि स्वजाति के लोग शामिल हुए। मुख्य अतिथि पूर्व संयुक्त उच्च शिक्षा निदेशक उप्र डॉ. रमेश चंद्र रहे, जबकि अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य नेहा कश्यप ने की। कार्यक्रम में कश्यप तुरैहा समाज का एससी आरक्षण को लेकर मंथन हुआ। वक्ताओं ने कहा कि आजादी के 75 साल बीतने के बाद भी बड़ी आबादी वाला हमारा समाज अशिक्षा, गरीबी, बेरोजगारी, कम राजनैतिक भागीदारी होने पर समाज हाशिये पर है। । जिलाध्यक्ष बाबूराम कश्यप, प्रधान जसमोली राजू कश्यप, अनिल कश्यप, धर्मेंद्र ग्राम, गोविंद राम कश्यप, सुरेश बाबू गुप्ता, भाजपा नेता दिनेश कश्यप, एडवोकेट नीरज कश्यप आदि ने विचार व्यक्त किए। संचालन भुवनेश चंद्र तोमर एडवोकेट ने किया। इस दौरान सिपाही लाल, मनोज कुमार, मास्टर मोनू कुमार, लखन सिंह, राजपाल कश्यप, राम सिंह कश्यप, संजीव कुमार, जगमोहन कश्यप, प्यारेलाल कश्यप, चंचल कश्यप, सुंदर सिंह आदि रहे।

महंगाई | नए वित्त वर्ष में कमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ना मान रहे वजह

# गैस और खाद्य तेल की बढ़ी कीमतें, होटलों ने बढ़ाए थाली के दाम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


कोयले की भट्टी पर रोटी सेंकता कारीगर। ● अमृत विचार

● **कहीं लकड़ी तो कहीं कोयले की भट्टियों पर तैयार हो रहा खाना**

**अमृत विचार:** गैस और सरसों के तेल की कीमत ने होटलों में भोजन की थाली भी महंगी कर दी है। नए वित्त वर्ष में कमर्शियल गैस सिलेंडर और सरसों और रिफाइंड तेल के दाम बढ़ गया है। सिलेंडर महंगा होने से होटलों पर लकड़ी और कोयले की भट्टियों पर खाना बन रहा है। होटल संचालक बताते हैं कि कोयले की भट्टी पर खाना बनाना महंगा पड़ता है इसके अलावा खाद्य तेल के अलावा गरम मसालों के भी दाम बढ़ गए हैं। नए वित्त वर्ष में महंगाई तेजी से बढ़ रही है। कर्मचारी समेत अधिकांश बाहर के लोग होटलों में 60-70 रुपये की थाली का खाना पसंद करते हैं। क्योंकि थाली सस्ती पड़ती थी लेकिन, नए वित्तीय वर्ष में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 205 रुपये बढ़ी है। इसी के साथ खाद्य तेलों के दाम उछाल आया है। जिसके कारण होटलों पर थाली में खाना खाने वालों के साथ ही मध्यम वर्ग पर महंगाई की मार पड़ी है। चाय, समोसा, पकौड़ी, ब्रेड पकौड़े सब महंगे हो गए हैं। होटल संचालक तरनजीत सिंह बताते हैं कि सिलेंडर, घी, तेल मसाले, चावल, दालें महंगी हुई हैं जिसके कारण खाने के दाम बढ़ाना पड़े। मिस्टन गंज स्थित गल्ला मंडी में व्यापारी मनोज कुमार बताते हैं कि दाल, चावल और मसालों के दामों में उछाल आया है।

"खाने में शुद्धता होनी चाहिए, ज्यादा कमाई करने के चक्कर में किसी प्रकार की मिलावट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जाएंगे।
– **सुनील शर्मा**, अभिहित अधिकारी


गैस सिलेंडर, घी, तेल और मसाले सब कुछ महंगा हुआ है। जिसके कारण होटल पर खाने की थाली महंगी करना पड़ी है। सिलेंडर नहीं मिलने पर भट्टी पर खाना बनाना पड़ रहा है। – धर्मेंद्र


कर्मिशियल गैस सिलेंडर नहीं मिल रहा है। सिलेंडर नहीं मिलने पर कोयले की भट्टी पर काम कर रहे हैं। भले ही काम देर से होता है लेकिन हो जाता है – अमित प्रजापति


गैस की दिक्कत की बहुत दिक्कत आ रही है। गैस नहीं होने के कारण काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसा लगता है कारोबार बंद करना पड़ेगा। – आजम


गैस नहीं मिलने की वजह से काम में दिक्कत हो रही है। इस दिक्कत से बचने के लिए कोयले की भट्टी लगा ली है हालांकि, कोयला गैस ज्यादा महंगा पड़ रहा है। – तरनजीत सिंह

## न्यूज ब्रीफ

### फायरिंग मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार :** उत्तराखंड हल्द्वानी के पांडे निवाड़ आरटीओ रोड निवासी जरनैल सिंह द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें कहा कि वह पिता प्रेम सिंह और चाचा गुरविंदर सिंह के साथ क्षेत्र के ग्राम गुलड़िया ट्यूला में अपने खेत की मेड़ डाल रहे थे। इसी दौरान गुरशान सिंह और कुलदीप सिंह दोनों पिता पुत्र मौके पर पहुंच गए। खेत को अपना बताते हुए उन्हें वहां से बाहर निकलने को कहने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज की और इसी दौरान गुरशान सिंह ने पिस्तौल से प्रेम सिंह को गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की। वहीं दूसरी ओर प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया इस मामले में दोनों आरोपियों को नगर स्थित माटखेड़ा मार्ग से दबोच लिया। कहा कि आरोपी गुरशान सिंह की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा, कारतूस और मैगजीन भी बरामद की है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक आकिल हुसैन, कांस्टेबल आशीष राणा और कपिल कुमार शामिल रहे।

### गर्भवती से मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** ससुरालियों पर गर्भवती महिला ने मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। मायके वालों ने ससुरालियों पर बेटी को गायब करने का आरोप लगाते हुए पति समेत चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव पदपुरी निवासी निसार अहमद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें बताया कि उन्होंने बेटी खुशनुमा का निकाह पांच वर्ष पहले गांव चैनपुर निवासी इकरार के साथ किया था। आरोप है कि बीती 6 फरवरी को पति इकरार, ससुर जाकिर हुसैन, सास हसीना और देवर साबिर ने खुशनुमा के साथ बुरी तरह मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया था। बाद में लोगों के हस्तक्षेप के बाद खुशनुमा को वापस ससुराल भेज दिया गया था। आरोप है कि बीती 30 मार्च को इन लोगों ने फिर से खुशनुमा के साथ मारपीट की। खुशनुमा चार माह की गर्भवती थी। पेट में गंभीर चोट लगने के कारण 31 मार्च को कराए गए अल्ट्रासाउंड में गर्भपात की पुष्टि हुई। पिता का कहना है कि ससुरालियों ने बेरहमी से पीटकर उनकी बेटी का गर्भ तक गिरा दिया। बताया कि तीन अप्रैल को गांव के ही कुछ लोगों ने निसार को सूचना देकर बताया कि वह अपनी बेटी को ले जाएं।

# बिलासपुर में अनियंत्रित बाइक की टक्कर से 9वीं के छात्र की मौत

## हामिदगंज का छात्र सड़क किनारे जा रहा था, काल बनकर आई मोटरसाइकिल

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** बिलासपुर थाना क्षेत्र के गांव हामिदाबाद में बाइक चालक ने सड़क किनारे जा रहे 9वीं के छात्र को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए सीएचसी ले जाते समय उसकी मौत हो गई। हादसे में बाइक चालक भी घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया।



मृतक देव सागर।



बिलासपुर के सीएचसी में मौजूद मृतक छात्र परिजन व ग्रामीण। • अमृत विचार

गांव हामिदाबाद निवासी रामवीर सागर का 15 वर्षीय बेटे देव सागर गांव नवाबगंज स्थित एक इंटर कॉलेज में कक्षा नौवीं छात्र था। परिजनों ने बताया कि रविवार की सवेरे साढ़े 9 बजे वह किसी काम से जा रहा था। इस दौरान बाइक चालक ने पीछे से छात्र को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे छात्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की चीख-पुकार पर आस-पास के लोगों समेत राहगीरों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। साथ ही घायल छात्र के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। बाद में गंभीर रूप घायल छात्र को उपचार के लिए सीएचसी ले जाते समय उसकी रास्ते में मौत हो गई। वहीं चिकित्सकों द्वारा छात्र को मृत घोषित किए जाने पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पिता मेहनत मजदूरी करते हैं। देव सागर दो भाईयों में सबसे बड़े थे। सूचना पर उपनिरीक्षक केशू शर्मा पुलिसकर्मियों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। साथ ही दुर्घटना में बाइक चालक अजय भी घायल हो गया। हादसे के बाद परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह छात्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कहा कि तहरीर मिलने पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तेज रफ्तार कार दो बाइकों से भिड़ी तीन घायल

**मिलक, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में रविवार को एक तेज रफ्तार कार ने दो बाइकों को टक्कर मार दी, जिससे तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

मिलक-बिलासपुर रोड पर गांव सिहारी के पास एक कार, जो मिलक की ओर से आ रही थी, अचानक अनियंत्रित हो गई। इसी दौरान सामने से बिलासपुर की ओर से आ रही दो बाइकों से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही रठौड़ा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल 108 एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मिलक भिजवाया गया। घायलों में आकाश पुत्र ज्ञान प्रकाश निवासी ग्राम नगरिया सादात थाना मीरगंज, जनपद बरेली शामिल हैं, जो बिलासपुर से अपने गांव लौट रहे थे। इसके अलावा कुलदीप और सनी, निवासी ग्राम सिहारी थाना मिलक, जनपद रामपुर भी हादसे में घायल हुए हैं।

# गेहूं के खेत में तेंदुए का हमला, कुत्तों का शिकार



गांव रहमतगंज के जंगल में कुत्तों के शिकार के बाद जांच करती वन विभाग की टीम।

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** मसवासी चौकी क्षेत्र के गांव रहमतगंज में शमशान घाट के पास गेहूं के खेत में तेंदुए के हमले से हड़कंप मच गया। तेंदुए ने दो कुत्तों को अपना शिकार बना लिया, जिससे ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

रविवार सुबह कुछ किसान लहसुन की खुदाई के लिए खेतों पर जा रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर शमशान घाट के पास एक खेत में पड़ी, जहां दो कुत्ते मृत अवस्था में मिले। आशंका जताई गई कि दोनों को तेंदुए ने शिकार बनाया है। यह दृश्य देखकर किसानों और मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत घटना की सूचना वन विभाग को दी। मौके पर पहुंचे वन विभाग के दरोगा कुलदीप कुमार ने टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। टीम ने आसपास तेंदुए के पदचिन्ह तलाशने का प्रयास भी किया। वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने और अकेले खेतों में न जाने की सलाह दी।

# रामलीला कमेटी ने कृषि राज्यमंत्री व पालिकाध्यक्ष को किया सम्मानित

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** नगर की दोनों रामलीला कमेटियों के पदाधिकारियों ने कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख को रामलीला मैदानों के सौंदर्यीकरण के लिए धनराशि स्वीकृत कराने पर स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। साथ ही कमेटी ने पालिका अध्यक्ष चित्रत मित्तल को भी सम्मानित किया।



कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख को सम्मानित करते रामलीला कमेटी के पदाधिकारीगण।

रविवार को श्री सनातन रामलीला परिषद तथा श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारी एकत्रित होकर कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के कैंप कार्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने राज्यमंत्री द्वारा श्री रामलीला कमेटी के मैदान के लिए सौंदर्यीकरण के लिए तीन करोड़ रुपये तथा श्री सनातन रामलीला परिषद के लिए एक करोड़ 37 लाख रुपये शासन से स्वीकृत कराएं जाने पर आभार जताया। बाद में उन्होंने कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख शाल ओढ़ाकर तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बाद में उन्होंने पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल के आवास पर जाकर उन्हें भी सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान कृषि राज्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य के लिए हर समय प्रयासरत हैं। साथ ही पालिकाध्यक्ष ने कहा कि लोगों से कहा कि वह नगर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए पालिका का सहयोग करें। तभी नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है। इस मौके पर धन्नूमल बंसल, सत्यपाल जिंदल, रवि गोयल, कुशल गर्ग, दुष्यंत अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, संजय अग्रवाल, दिनेश शर्मा, विनोद मिश्रा, गिरिराज किशोर अग्रवाल, राजीव अग्रवाल आदि रहे।

### घर में घुसकर महिला से मारपीट चार पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहबाद, अमृत विचार :** कस्बे के मोहल्ला फर्राशान निवासी एक महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता परवेज की पत्नी मीना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीती शाम करीब सात बजे अपने घर पर मौजूद थी। इसी दौरान फरजन्द खां, जावेद खां, निजाम खां और शबाब खां घर में घुस आए और बिना किसी कारण उसके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। आरोप है कि आरोपियों ने घर में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# विधायक के बेटे के चिकित्साधीक्षक की कुर्सी पर बैठने पर जताई आपत्ति

- सीएचसी स्वार में शनिवार को निरीक्षण करने पहुंचे थे स्वार विधायक के बेटे
- सोशल मीडिया पर वीडियो और फोटो वायरल होने के बाद उठने लगी थी आपत्तियां

संवाददाता, रामपुर/मिलक

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वार में विधायक के बेटे उमैर अंसारी द्वारा चिकित्सा अधीक्षक की कुर्सी पर बैठने पर लोगों ने आपत्ति जताई है। मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, इसके बाद लोगों ने प्रोटोकॉल के तहत बेटे या उनके प्रतिनिधि निरीक्षण नहीं कर सकते हैं।

मामले में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार ने आपत्ति जताते हुए इसे निंदनीय बताया है। उन्होंने कहा कि स्वार-टांडा विधानसभा क्षेत्र से विधायक शफीक अंसारी के पुत्र व प्रतिनिधि उमैर अंसारी द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर निरीक्षण करना, स्टाफ को निर्देश देना और चिकित्सा अधीक्षक की कुर्सी पर बैठना अधिकारों का दुरुपयोग है। उन्होंने प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। कहा है कि यदि विधायक द्वारा अपने पुत्र को प्रतिनिधि नियुक्त भी किया गया हो, तो भी उनकी भूमिका केवल जनसमस्याओं के समाधान तक सीमित होनी चाहिए। किसी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में इस तरह हस्तक्षेप करना नियमों के खिलाफ है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष चौधरी घनवीर सिंह को भी अवगत कराया गया है, ताकि मामला राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सके। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से जिलाधिकारी रामपुर से जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

### सम्मान के लिए सीट देना गलत नहीं: विधायक

स्वार-टांडा विधायक शफीक अंसारी ने मामले में कहा है कि उनके बेटे ने जबरदस्ती सीट तो नहीं मांगी थी। चिकित्साधिक्षक ने सम्मान देने के लिए सीट छोड़ी तो उसमें कोई गलत नहीं होना चाहिए। कुछ लोग बेवजह तूल देने पर आमदा हैं, क्षेत्र के विकास और व्यवस्था पर बात करनी चाहिए।

# मसवासी में खनन चेकपोस्ट पर लेखपाल से मारपीट, तीन गिरफ्तार

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** नगर के मुरादाबाद-बाजपुर चौराहे स्थित खनन चेकपोस्ट पर रविवार सुबह रेत से भरे ओवरलोड डंपर को रोकने पर विवाद हो गया। आरोप है कि खनन से जुड़े लोगों ने लेखपाल के साथ मारपीट कर दी। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने किसी तरह स्थिति को संभाला। पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया।



मसवासी में लेखपाल के साथ मारपीट करने वाले आरोपी पुलिस हिरासत में।

अधिकारियों के अनुसार रविवार तड़के करीब पांच बजे पट्टी कला की ओर से रेत लेकर एक डंपर रामपुर की दिशा में जा रहा था। चेक पोस्ट पर तैनात लेखपाल आदित्य कुमार ने रॉयल्टी जांच के लिए डंपर को रोक लिया। इसी दौरान पीछे से कार में सवार कुछ लोग मौके पर पहुंचे और डंपर रोकने का विरोध करने लगे। देखते ही देखते कहासुनी बढ़ गई और आरोप है कि तीन लोगों ने लेखपाल के साथ हाथापाई शुरू कर दी।

मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया। सूचना मिलते ही तहसील प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने रामपुर निवासी जफरपुर ग्राम तालकपुर भोट, गुलफान थाना पक्का बाग थाना गंज और फरजंद अली घेर कलंदर खान को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका में कार्रवाई करते हुए एसडीएम न्यायालय में चालान किया है। एसडीएम अमन देओल ने कहा कि खनन चेकपोस्ट पर ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों के साथ अभद्रता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तीनों खनन धंधेबाज को एस डी एम ने जेल भेज दिया है।

# सड़क हादसे में दो की हुई थी मौत, ट्रक चालक पर रिपोर्ट

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र में हुए सड़क हादसे के बाद पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई थी।रामपुर के थाना शहजादनगर क्षेत्र के गांव ककरौआ निवासी मृतक रिजवान के भाई अख्तर हुसैन की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया है। तहरीर में बताया कि 2 अप्रैल की सुबह करीब 4:30 बजे उसका भाई रिजवान और साथी अरशद दिल्ली से आ रही बस संख्या यूपी 22 बीटी 4586 से उतरकर बस की डिग्गी से सामान निकाल रहे थे। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार व लापरवाही से आ रहे ट्रक यूपी 38 एटी 7409 के चालक ने दोनों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें सीएचसी शाहबाद ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर ट्रक चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### ई-रिक्शा पलटी आठ जख्मी

शाहबाद, अमृत विचार : रविवार तड़के खेत पर गेहूं काटने जा रहीं मजदूर महिलाओं से भरी ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में सवार सभी आठ मजदूर घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां एक महिला की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मडैयान वदे गांव के पास ई-रिक्शा अचानक असंतुलित होकर पलट गई।

## न्यूज डायरी



### एसपी ने अजीमनगर व मिलकखानम थाने का निरीक्षण किया

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने रविवार को थाना अजीमनगर और थाना मिलकखानम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अजीमनगर थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि का निरीक्षण कर उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों एवं साफ-सफाई को चेक किया। थाना परिसर में बने मालखाना, कम्प्यूटर कक्ष, हवालात आदि की साफ-सफाई का बारीकी से अवलोकन कर संबंधित को दिशा-निर्देश दिए। वहीं थाना मिलकखानम का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर एवं अन्य अभिलेखों का निरीक्षण कर उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों एवं साफ सफाई को चेक किया। थाना परिसर में बने मालखाना, कम्प्यूटर कक्ष, हवालात, मिशन शक्ति केन्द्र आदि का बारीकी से अवलोकन कर दिशा-निर्देश दिए।




### लघु नाटिका के साथ महिला सशक्तिकरण सेमिनार का समापन

ग्राम समाज की खाद के गड्ढे और खेल के मैदान की करीब साढ़े तीन से चार बीघा भूमि गाटा संख्या 623 और 630 पर मदरसा, मस्जिद, दो स्कूल और पांच दुकानों का निर्माण कर लिया गया था। इस पर राजस्व विभाग ने पहले पैमाइश कर अवैध कब्जा चिह्नित किया और करीब आठ दिन पहले अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया गया था। नोटिस के बाद स्थानीय मुस्लिम समुदाय के लोगों ने खुद निर्माण हटाने की प्रक्रिया शुरू की, लेकिन कार्य की गति धीमी रहने पर शनिवार को तहसीलदार धीरेंद्र कुमार सिंह गांव पहुंचे और तय समय में निर्माण हटाने के सख्त निर्देश दिए। इसके बाद ग्राम प्रधानपति हाजी मुनव्वर और मुतवल्ली की ओर से प्रशासन से जेसीबी मशीन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। रविवार को बुलडोजर गांव पहुंचा और अवैध निर्माण पर कार्रवाई शुरू हुई। सबसे पहले दुकानों को गिराया गया, जिनमें हामिद की समोसा-पकौड़ी की दुकान, अफजल की सब्जी की दुकान, शाने आलम की दुकान, फरमान का मेडिकल स्टोर और असगर का जन सेवा केंद्र शामिल थे। दुकानदारों ने पहले ही अपना सामान हटा लिया था, जिसके बाद बुलडोजर ने निर्माण ध्वस्त कर दिया। इसके साथ ही मदरसे के हिस्से और मस्जिद गेट के निर्माण को भी तोड़ा गया। पूरे दिन चली कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे, जबकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस-प्रशासन सतर्क रहा। ग्राम प्रधानपति हाजी मुनव्वर ने बताया कि पहले मजदूरों के जरिए निर्माण हटाया जा रहा था, लेकिन अब जेसीबी मशीन से तेजी से कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जेसीबी का किराया एक हजार रुपये प्रति घंटा तय किया गया है, जिसका भुगतान ग्राम स्तर पर किया जाएगा।

### प्रशासन कर रहा निगेहबानी

जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया के निर्देश पर राजस्व प्रशासन ने भूमि को कब्जामुक्त कराने के लिए गठित टीम भी जमीन कब्जामुक्त कराने के काम पर निगाह बनाये हुए है। ग्रामीणों के अनुसार रविवार शाम करीब छह बजे बुलडोजर कार्रवाई रोक दी गई। पहले दिन दुकानों और मस्जिद के गेट का हिस्सा गिराया गया, जबकि सोमवार सुबह मस्जिद की मीनार हटाने और शेष निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त कर जमीन को कब्जामुक्त कराने का कार्य किया जाएगा। प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है, लोग इसे सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराने की दिशा में बड़ी कार्रवाई मान रहे हैं।

# कार सवार चोर लाखों का सामान ले उड़े

**संभल,अमृत विचार:** जनपद में चोरों के हौसले बुलंद होते नजर आ रहे हैं। थाना हयातनगर क्षेत्र के मोहल्ला पीलाखदाना सरायतरीन में अर्टिगा कार से आए अज्ञात चोरों ने रात के अंधेरे में तीन अलग-अलग स्थानों पर चोरी की वारदात को अंजाम देकर लाखों रुपये का सामान पार कर दिया।

जानकारी के अनुसार रविवार देर रात मौहम्मद आसिफ , रोहित कुमार व गोविंद के यहां चोरी की घटनाएं हुईं। चोर ई-रिक्शा और वाहन से जुड़े कीमती सामान चोरी कर ले गए।

दोपहर करीब 2 बजे चोरी की जानकारी होने पर पीड़ितों में हड़कंप मच गया और सभी अपने-अपने नुकसान का आकलन करने में जुट गए। चोरों ने आसिफ के नए ई-रिक्शा से करीब 80 हजार रुपये का बैटरी, गोविंद के ई-रिक्शा से 77 हजार रुपये का बैटरी और एक महिंद्रा पिकअप से करीब 15 हजार रुपये की स्टेपनी चोरी कर ली। घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

फुटेज में साफ दिख रहा है कि चोर कार से पहुंचे और सबसे पहले डंडे से सीसीटीवी कैमरों के तार तोड़कर उन्हें बंद करने का प्रयास किया, इसके बाद चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

# पुलिस की नाक के नीचे तस्कर चला रहा था नेटवर्क

कार्यालय संवाददाता,संभल

- **50 हजार रुपये का इनामी है अरुण, बबराला से किया गिरफ्तार**
- **अयोध्या से तीन वर्ष पहले हुआ था फरार, एसटीएफ ने दबोचा**
- **मेरठ का रहने वाला अरुण तीन साल से था अयोध्या से फरार**

**अमृत विचार:** 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश पिछले तीन साल से संभल में रहकर मादक पदार्थों की तस्करी का नेटवर्क संचालित कर रहा था, जबकि स्थानीय पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लग सकी। अब उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने उसे गिरफ्तार किया तो पूरा खेल खुलकर सामने आया है।

उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स की प्रयागराज यूनिट ने संभल जनपद के बबराला से अरुण नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वह मेरठ के मेडिकल थाना क्षेत्र स्थित जागृति विहार कॉलोनी का निवासी है। अरुण अयोध्या जिले के बीकापुर थाने में दर्ज एक मामले में पिछले तीन वर्षों से फरार था। उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। एसटीएफ के निरीक्षक जयप्रकाश राय के अनुसार फरारी के दौरान अरुण ने संभल के बबराला में अंबेडकर कॉलोनी में ठिकाना बना लिया था। वह यहां गुपचुप तरीके से रह रहा था। वह अपने साथियों के साथ मिलकर मादक पदार्थों की तस्करी का धंधा चला रहा था। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह खुद गिरोह का सरगना है और उसके साथ तीन-चार अन्य लोग भी शामिल हैं। वह उड़ीसा से गांजा मंगाकर कई जिलों में सप्लाई करता था, जबकि बदायूं से अफीम की तस्करी भी करता था। बीकापुर थाने में दर्ज एक मामले में पिछले तीन वर्षों से फरार था। इस खुलासे के बाद सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि 50 हजार का इनामी बदमाश तीन साल तक संभल में रहकर अवैध कारोबार करता रहा और स्थानीय पुलिस को इसकी जानकारी तक नहीं हो सकी। एसटीएफ की इस कार्रवाई से जहां एक ओर बड़े तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

# संघ के पथ संचलन में दिखा अनुशासन

कार्यालय संवाददाता,संभल



स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा करते भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** हिंदू नववर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शहर में भव्य पथ संचलन निकाला गया। संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासन और एकजुटता का शानदार प्रदर्शन किया। शहरभर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया गया, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा।

रविवार को सदर कोतवाली क्षेत्र में दुर्गा कॉलोनी स्थित माधव पार्क से पूजन और बौद्धिक कार्यक्रम के बाद विभाग प्रचारक शरद कुमार के निर्देशन में पथ संचलन शुरू हुआ। करीब तीन किलोमीटर लंबे इस संचलन में स्वयंसेवक कतारबद्ध होकर हाथों में दंड लिए चल रहे थे, जबकि सरस्वती विद्या मंदिर के छात्रों का बैंड भी आकर्षण का केंद्र बना रहा। संचलन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर तैनात रहा। भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू सहित अन्य लोगों ने विभिन्न स्थानों पर स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष के साथ स्वयंसेवकों का स्वागत किया। नगर कार्यवाह गोपीचंद्र ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी हिंदू नववर्ष पर पथ संचलन निकाला गया है, लेकिन इस वर्ष संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के कारण इसे विशेष रूप से मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में कमल कौशल वार्ष्णेय, मुकेश गोयल, राहुल दीक्षित, राजुल गुप्ता, परीक्षित मोंगिया, मनीष रस्तोगी, राजेश सिंघल, सौरभ अग्रवाल, बालमुकुंद शर्मा, दिनेश कुमार, महावीर सिंह, सतीश कुमार, अशोक गर्ग, अनुपम गुप्ता, विवेक रस्तोगी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# पहले रिश्ते थे फोन नहीं अब फोन है रिश्ते नहीं

संवाददाता, बबराला

- **उत्साह से मनाया गया लोहिया कॉन्वेंट स्कूल का सातवां वार्षिकोत्सव**

**अमृत विचार:** लोहिया कॉन्वेंट स्कूल का सातवां वार्षिकोत्सव रविवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता, धार्मिक आस्था और देशभक्ति जैसे विषयों पर आधारित विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। सोशल मीडिया के नकारात्मक प्रभाव को दर्शाती लघु नाटिका ''पहले रिश्ते होते थे, फोन नहीं अब फोन है, रिश्ते नहीं'' ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इसके अलावा नशा मुक्ति समेत अन्य विषयों पर नाटक प्रस्तुत किए गए। कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं और विभिन्न विषयों के टॉपर्स को सम्मानित किया गया। विद्यालय के पूर्व छात्रों को 'अचीवमेंट अवॉर्ड' से नवाजा गया। समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू, जिला उपाध्यक्ष दीपक यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष हर्षवर्धन वार्ष्णेय, थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी, डॉ. कैलाश वार्ष्णेय, डॉ. राहुल यादव तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र यादव सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। निदेशक उमेश यादव ने सभी आभार जताया।

# एडमिनिस्ट्रेशन इलेवन ने जीता फाइनल मुकाबला



विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान करते क्रीड़ा भारती के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचार:** क्रीड़ा भारती के तत्वावधान में आयोजित टीचर प्रीमियर लीग का फाइनल मैच एडमिनिस्ट्रेशन इलेवन और राइजिंग स्टार के बीच रविवार को खेला गया। एडमिनिस्ट्रेशन इलेवन ने राइजिंग स्टार को 4 रन से हराकर कप पर कब्जा किया।

सेठ कासिम ग्राउंड पर पहले बल्लेबाजी करते हुए एडमिनिस्ट्रेशन इलेवन की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 161 रन बनाए। राइजिंग स्टार की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 157 रन ही बना सकी। डॉ. सरताज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मुख्य अतिथि क्रीड़ा भारती प्रांतीय शारीरिक प्रमुख उमेश तथा एडीएम प्रदीप वर्मा, जिला अध्यक्ष अनिल कपूर, जिला महामंत्री डॉ गौरव मिश्रा, कोषाध्यक्ष अशोक पाठक, उपाध्यक्ष प्रफुल्ल गुप्ता, मीडिया प्रभारी भूदेव शंखधार, सह प्रभारी खुशाल सिंह, केन्द्र प्रमुख अनुज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# श्रद्धा के साथ निकाली शोभायात्रा

संवाददाता,चंदौसी



शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ करती नगर पालिका अध्यक्ष व अन्य महिलाएं।

**अमृत विचार:** शहर में महाराजा निषाद राज महर्षि कश्यप तुरैहा समाज समिति के तत्वाधान में रविवार को महाराजा निषादराज व महर्षि कश्यप की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई । शोभा यात्रा में शामिल झांकियां सभी का मन मोह लिया।

शोभा यात्रा का शुभारंभ नगर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने फीता काटकर किया। शोभायात्रा में महाकाल, आदि शक्ति मां काली तथा सृष्टि रचयिता ब्रह्मा जी के मानस पुत्र महर्षि कश्यप ऋषि, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के अभिन्न मित्र निषादराज, श्री राम को गंगा पार कराते हुए केवट जी, वीर एकलव्य, 1957 में अंग्रेजों के खिलाफ बिगुल फूंकने वाले मंगल पाण्डेय संग रहे क्रांतिकारी निषाद लोचन निषाद, फूलन देवी आदि की झांकियां शामिल रहीं। अध्यक्षता समिति संयोजक गौरव कश्यप व संचालन नीरज कश्यप ने किया । इस दौरान प्रेम कश्यप दादा,राजकुमार कश्यप ठाकरे, भगवान स्वरूप, यशोदा, हरप्रसाद कश्यप, रामकुमार कश्यप, ओमप्रकाश, मोहनलाल कश्यप, प्रहलाद कश्यप, वीरेंद्र तुरैहा,डेविड कश्यप, मोहित कश्यप,सभासद मेघा वाष्र्णेय, नवकांत शर्मा एवं बब्लू कश्यप, विक्की कश्यप, शेर बहादुर, प्रेम प्रकाश बच्चन, रामबाबू,विमल कश्यप,डब्बू आदि मौजूद रहे।

## सिटी डायरी



### नई कार्यकारिणी गठन पर हुई चर्चा, पंकज बने कार्यवाहक अध्यक्ष

**संवाददाता, चंदौसी :** ब्राह्मण सभा के संगठन विस्तार के लिए संरक्षकों मंडल की बैठक में संगठन की मजबूती पर बल देते हुए नई कार्यकारिणी गठन के निर्देश दिए। साथ ही पंकज शर्मा को कार्यवाहक अध्यक्ष घोषित किया।आयोजित बैठक में वक्ताओं ने संगठन के विस्तार पर चर्चा करते हुए कहा कि ब्राह्मण सभा नगर का सबसे पुराने संगठनों में से एक है। युवाओं को संगठन की मुख्यधारा से जोड़ा जायेगा। राजेन्द्र कुमार शर्मा राजा ने युवाओं से आह्वान करते हुए संगठन की मुख्यधारा से जुड़ने को कहा। गौरव कांत शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज सभी समाज को साथ लेकर चलता है। विकास उपाध्याय, मनीष शर्मा, विकास मिश्रा, संजीव शर्मा आदि ने भी संगठन को गति देने की बात कही। साथ ही 19 अप्रैल को परशुराम जन्मोत्सव पर शोभायात्रा में अधिक संख्या में शामिल होने के लिए अपील की। वहीं ब्राह्मण के संरक्षक राम कुमार शर्मा व रामाशंकर गौड़ ने नई कार्यकारिणी घोषित करने के निर्देश देते हुए पंकज शर्मा को नगर कार्यवाहक अध्यक्ष बनाने पर संस्तुति प्रदान की।



### व्यापारियों ने किया नरेंद्र का स्वागत

**चंदौसी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जवाहर रोड कैंप कार्यालय पर समाजसेवी एनके नरेंद्र कुमार का स्वागत किया गया। इस दौरान अपराध निरोधक संगठन का सचिव बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने नरेंद्र कुमार समाजसेवी को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपराध निरोधक समिति लखनऊ के संगठन सचिव बनाए जाने पर कैंप कार्यालय में फूल मालाओं से स्वागत किया। जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर ने कहा संभल जिले में जेल विजिटर होने के बाद अपराध निरोधक समिति संगठन सचिव प्रदेश सरकार द्वारा जिले के लिए गौरव की बात है। नरेंद्र कुमार अब समस्त जिलों में जय डिजिटल घोषित कर सकेंगे। इस दौरान जिला जिला संगठन मंत्री उमेश चंद्र वाष्र्णेय, चिंटू शर्मा, दीपक वाष्र्णेय, सुशील अग्रवाल, रमेश ग्रेवाल आदि व्यापारी समाज के लोग मौजूद रहे।



### सिरसी में इमाम जाफर सादिक की याद में निकला ताबूत

**सिरसी,अमृत विचार :** नगर पंचायत सिरसी में शिया समुदाय द्वारा छठे इमाम हज़रत इमाम जाफर सादिक की याद में अकीदत और ग़म के माहौल में मजलिसे अज़ा और ताबूत का आयोजन किया गया। इस दौरान अंजुमनों ने नोहाखानी कर माहौल को गमगीन बना दिया। इमामबारगाह मासूम अली में मजलिसे अज़ा का आयोजन हुआ। मजलिस में वकार मेंहदी और उनके हमनवा ने मर्सिया खानी पेश की। इसके बाद मौलाना मिसाम अब्बास सिरसवी ने मजलिस को खिताब फरमाते हुए कहा कि यदि इंसान अहलेबैत के बताए रास्ते पर चले, तो उसे जिंदगी में कभी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। मजलिस के आखिर में इमाम जाफर सादिक के मसायब पढ़े गए। मजलिस के बाद शबीहे ताबूत बरामद किया गया, जिसमें वकार मेहदी और उनके साथियों ने नोहाखानी की। इस दौरान अंजुमन जुल्फकार-ए-हैदरी और अंजुमन पंजे तनी के सदस्यों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम का समापन इमामबारगाह परिसर में ही ताबूत के साथ किया गया।




### श्रद्धा और भक्ति के संग सम्पन्न हुई 24 कोसीय परिक्रमा

**संभल, अमृत विचार :** संभल में 24 कोसीय मासिक परिक्रमा समिति के तत्वाधान में आयोजित होने वाली मासिक परिक्रमा रविवार को श्रद्धा, आस्था और भक्तिभाव के साथ सम्पन्न हुई। परिक्रमा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक वातावरण को भक्तिमय बना दिया। प्रात :काल से ही श्री वंशगोपाल तीर्थ पर श्रद्धालुओं का जमावड़ा शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम संभलेश्वर महादेव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत प्राचीन कदंब वृक्ष की परिक्रमा कर यात्रा का शुभारंभ किया गया। परिक्रमा के दौरान श्रद्धालु भुवनेश्वर तीर्थ पहुंचे, जहां सामूहिक रूप से रुद्राष्टक पाठ किया गया। इसके पश्चात चामुंडा मंदिर फिरोजपुर होते हुए सभी श्रद्धालु नैमिषारण्य तीर्थ पहुंचे। यहां बाबा क्षेमनाथ की समाधि पर पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने मनौतियां मांगीं। आगे बढ़ते हुए श्रद्धालु भवानीपुर मंदिर पहुंचे, जहां जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना के साथ जलपान की व्यवस्था की गई। तत्पश्चात चंद्रेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने विधिवत जलाभिषेक किया।

## न्यूज ब्रीफ

### इप्सेफ प्रतिनिधिमंडल को कैबिनेट सचिव से मिला आश्वासन

**अमृत विचार, लखनऊ :** इप्सेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने केंद्र सरकार के कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन से उनके कार्यालय में रविवार को मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की लंबित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा। कैबिनेट सचिव ने कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इप्सेफ के उप महासचिव अतुल मिश्र ने बताया कि बैठक में आठवें वेतन आयोग से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें वेतनमान, भत्ते, पेंशन निर्धारण आदि शामिल हैं। बताया गया कि आयोग की संस्तुतियों के आधार पर सरकार जनवरी 2026 से इसे लागू कर सकती है, जिसका लाभ सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी मिलेगा। इसके अलावा रिक्त पदों पर पदोन्नति, नियमित नियुक्तियां, संविदा व आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए नीति निर्माण तथा शिक्षकों के लिए टीईटी संबंधी प्रावधानों में राहत जैसे मुद्दों पर भी सहमति बनी।

### सात करोड़ की हेरोइन पकड़ी, चार गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी एएनटीएफ की गोरखपुर और बाराबंकी की टीम ने दो दिन के अंदर लखनऊ और कुशीनगर में छापेमारी की। इस दौरान करीब सात करोड़ की हेरोइन बरामद की। टीम के हत्थे चार आरोपी चढ़े। आरोपियों के खिलाफ लखनऊ व कुशीनगर में रिपोर्ट दर्ज की गई। इसके बाद कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया है। एएनटीएफ व स्थानीय पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटा रही है। एएनटीएफ गोरखपुर की टीम द्वारा आलमबाग में पकड़े गए आरोपियों में बाजारखाला के फैसल हसन और फरहान हसन शामिल हैं। उनके पास से 1.230 किलोग्राम हेरोइन (करीब 2.46 करोड़) पकड़ी गई। वहीं बाराबंकी की एएनटीएफ यूनिट ने कुशीनगर में छापेमारी कर बिहार के पश्चिमी चंपारण के मझौलिया स्थित गुदरा निवासी विनोद साहनी और झारखंड के चतरा के गिद्धौर स्थित दांगी निवासी राहुल कुमार को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 2.505 किलोग्राम हेरोइन (करीब 5 करोड़) बरामद की गई।

### नशीले पदार्थों का इनामी तस्कर गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी एसटीएफ ने अयोध्या के 50 हजार रुपये के इनामी नशीले पदार्थ के तस्कर को संभल के बबराला से गिरफ्तार किया। एसटीएफ ने यह कार्रवाई शनिवार देर शाम को की। आरोपी के खिलाफ अयोध्या के बीकापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज है। वह पिछले तीन वर्ष से फरार चल रहा था। एसटीएफ के डिप्टी एसपी शैलेष प्रताप सिंह के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी अरुण मेरठ के मेडिकल थाना स्थित जागृति बिहार का रहने वाला है। वर्तमान में उसने संभल के बबराला स्थित अंबेडकर कालोनी में ठिकाना बना रखा था। 2023 में उड़ीसा से गांजे की खेप मंगाने के दौरान उसके दो साथी अयोध्या में पकड़े गए थे। जिसके बाद से वह फरार हो गया था।

### मुगैसी के निधन पर मायावती ने जताया शोक

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने मेरठ के अजराड़ा निवासी और मिल्ली काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अब्दुल्ला मुगैसी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि मुगैसी साहब देश के प्रमुख इस्लामी विद्वानों में से एक थे, जिनका मुस्लिम समाज में विशेष स्थान था। बसपा प्रमुख ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर अपने शोक संदेश में ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति और परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

# 'आनंद मठ' की प्रस्तुति देख भावुक हुए योगी, कलाविदों को किया सम्मानित

## भारतेंदु नाट्य अकादमी में जीर्णोद्धार कार्य का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतेंदु नाट्य अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में 'आनंद मठ' की नाट्य प्रस्तुति देखी और कलाकारों की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने अकादमी के संपूर्ण भवन व दोनों प्रेक्षागृहों के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण भी किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कलाविदों और अकादमी के पूर्व छात्रों को सम्मानित किया। साथ ही 'रंगवेद' पत्रिका का विमोचन किया और प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम की शुरुआत में अकादमी के अध्यक्ष डॉ. रतिशंकर त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री का अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के उपन्यास 'आनंद मठ' पर आधारित प्रस्तुति को सराहते हुए कहा कि इस तरह के नाट्य मंचन राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं। यह आयोजन न केवल कला और संस्कृति के संरक्षण का प्रतीक बना, बल्कि नई पीढ़ी को भारतीय सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का भी माध्यम साबित हुआ। इस दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, पर्यटन-संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक योगेश शुक्ल, भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह समेत अनेक रंगकर्मी, पूर्व छात्र आदि मौजूद रहे।

### इन हस्तियों को मिला सम्मान

किरण बिसारिया-लखीमपुर खीरी, रामगोपाल बजाज-नई दिल्ली, अनिल रस्तोगी-लखनऊ, प्रो. अजय मलकानी-रांची, रविशंकर खरे-गोरखपुर, चित्रा मोहन-प्रयागराज, मंजू ब्रजनंदन शर्मा-सहारनपुर, मुनीश सप्पल-मुंबई, डॉ. देवेंद्र कुमार त्रिपाठी-प्रयागराज, डॉ. अजीत सैगल-वाराणसी, राकेश निगम-लखनऊ, प्रमोद सिंह राणा-आगरा, आलोक पांडेय-शाहजहांपुर, कुशल दुबे-जौनपुर, राकेश पांडेय-भदोही।



लखनऊ : भारतेंदु नाट्य अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में कलाविदों को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी।

### इनामी पशु तस्कर को दिल्ली से दबोचा

**अमृत विचार, लखनऊ:** यूपी एसटीएफ ने 50 हजार के इनामी पशु तस्कर संतोष पासवान को उत्तर-पश्चिमी दिल्ली से शनिवार देर शाम को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ चंदौली में पशु तस्करी व क्रूरता की रिपोर्ट दर्ज है। वह पिछले तीन वर्ष से फरार चल रहा था। एएसपी एसटीएफ राजकुमार मिश्रा के मुताबिक, संतोष दिल्ली के शालीमार बाग इलाके का रहने वाला है। शनिवार को संतोष की लोकेशन शालीमार बाग में मिली। इसके बाद टीम ने दिल्ली पुलिस से संपर्क किया गया। संयुक्त टीम ने शनिवार देर रात को आरोपी को दिल्ली पश्चिम से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पशुओं को वाहन से बिहार के रास्ते पश्चिम बंगाल भेजा जाता था।

# गुंडों-माफिया को पनपने नहीं देंगे : मुख्यमंत्री

## गोरखपुर में विकास परियोजनाओं का योगी ने किया लोकार्पण-शिलान्यास, कानून व्यवस्था पर सख्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- योगी बोले-'नो दंगा-नो कर्फ्यू' की स्थिति, अब यूपी बना सुरक्षित और निवेश के लिए अनुकूल

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो टूक कहा कि प्रदेश में गुंडों और माफिया के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दंगे, कर्फ्यू, अराजकता और लूट-खसोट के दिन अब समाप्त हो चुके हैं और आज यूपी सुरक्षित व विकासशील राज्य के रूप में आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री गोरखपुर में घंटाघर स्थित अमर बलिदानी बंधु सिंह पार्क में मल्टीलेवल पार्किंग कॉम्प्लेक्स और सौंदर्यीकरण कार्य के लोकार्पण तथा पांडेयहाता कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले हर जिले में माफिया की समानांतर सरकार थी, लेकिन अब प्रदेश माफियामुक्त हो चुका है। आज यूपी उपद्रव नहीं, उत्सव का प्रदेश बन गया है। योगी ने कहा कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति जारी रहेगी और पुलिस को निर्देश है कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं, व्यापारियों और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है, जिससे प्रदेश में विश्वास और निवेश का माहौल बना है। सीएम ने कहा कि नौ वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था तीन गुना बढ़ी है, जबकि कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया। उन्होंने नगर निगम को निर्देश दिया कि व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न डाला जाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने चिलुआताल में फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना की मंजूरी दी है। यहां 20 मेगावाट बिजली पैदा होगी जिसका इस्तेमाल सोलर लाइट में किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब गोरखपुर सोलर सिटी के रूप में भी विकसित होगा।

**नौ साल में नहीं लगाया कोई नया टैक्स :** आमजन और व्यापारियों के हित पर सरकार के रूख का ध्यान आकर्षित करते हुए योगी ने कहा कि नौ साल में उनकी सरकार ने कोई भी नया टैक्स नहीं लगाया। इसके बावजूद प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तीन गुना बढ़ाया गया है। उन्होंने नगर निगम को हिदायत दी कि कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स में व्यापारियों से अधिक किराया न लिया जाए।

### खाएंगे हिंदुस्तान का लेकिन गाएंगे नहीं

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान का विरोध करने वाले लोगों पर निशाना साधते हुए कहा कि ये ऐसे लोग हैं जो खाएंगे हिंदुस्तान का लेकिन हिंदुस्तान का गाएंगे नहीं। उन्होंने कहा कि नया भारत इसे कतई स्वीकार नहीं करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना भेदभाव सबको शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है तो राष्ट्र के प्रतीकों, राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज और बाबा साहब आंबेडकर के बनाए संविधान को सम्मान देना होगा।




गोरखपुर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में अन्य। अमृत विचार

### नकारात्मक नैरेटिव का मुंहतोड़ जवाब दें युवा कार्यकर्ता

- मुख्यमंत्री का आह्वान : विकास और विरासत दोनों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी युवाओं पर

**अमृत विचार, लखनऊ/गोरखपुर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के युवा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि विपक्ष द्वारा सोशल मीडिया पर चलाए जा रहे नकारात्मक नैरेटिव का तथ्यों और शब्दों की मर्यादा में रहकर मुंहतोड़ जवाब दें। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए विपक्ष मनगढ़ंत आरोपों के जरिए माहौल बनाने की कोशिश करेगा, ऐसे में बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सतर्क और सक्रिय रहना होगा।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को गोरखपुर में आयोजित 'युवा संवाद' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा कार्यकर्ता डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को सोशल मीडिया और जनसंपर्क के माध्यम से लोगों तक पहुंचाएं। साथ ही सकारात्मक कंटेंट तैयार कर विकास कार्यों को प्रचारित करें। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे हर बूथ पर मजबूत उपस्थिति बनाएं और विपक्ष के दुष्प्रचार का तथ्यात्मक जवाब दें।

सीएम योगी ने कहा कि भारत की युवा शक्ति सदैव सत्य और सनातन के साथ खड़ी रही है। उन्होंने श्रीराम, श्रीकृष्ण, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, स्वामी विवेकानंद और रानी लक्ष्मीबाई जैसे महान व्यक्तित्वों का उदाहरण देते हुए युवाओं को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में देश की बड़ी युवा आबादी है, जिसे सकारात्मक दिशा में जोड़ा जाए तो राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय प्रदेश में दंगे, गुंडागर्दी और भय का माहौल था, जबकि आज कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है और विकास का वातावरण बना है।

# छह ब्लड बैंकों में मिली अनियमितताएं, लगी रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अलीगढ़, मुरादाबाद, झांसी, बहराइच, कासगंज और शामली जिलों में छापेमारी

**अमृत विचार:** प्रदेश में संचालित ब्लड बैंकों में मानक की जांच जारी है। उक्त क्रम में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उप्र. की टीम ने रविवार को कई जिलों में संचालित ब्लड बैंकों पर छापेमारी कर अनियमितताएं पकड़ी हैं। मरीजों को मानक विपरीत खून उपलब्ध कराने वाले 6 ब्लड बैंकों के संचालन पर तत्काल रोक लगा दी गई है।

अलीगढ़, मुरादाबाद, झांसी, बहराइच, कासगंज और शामली जिलों में कुल 18 चेरिटेबल ब्लड बैंकों की जांच की गई। जांच के दौरान कई गंभीर खामियां सामने आईं, जिनमें बिना टेस्ट के रक्त ट्रांसफर, एलाइसा जांच का अभाव, कोल्ड चेन में लापरवाही, तकनीकी स्टाफ की कमी और गंदगी जैसी स्थिति शामिल हैं।

खामियों को देखते हुए अलीगढ़ के तीन, बहराइच के दो और शामली के एक समेत कुल 6 ब्लड बैंकों पर तत्काल प्रभाव से खून की आपूर्ति पर रोक लगा दी गई है।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उप्र. आयुक्त डॉ.रोशन जैकब ने बताया कि 30 मार्च से चल रहे विशेष अभियान के तहत प्रदेशभर में 201 ब्लड बैंकों का निरीक्षण किया गया और आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# बिजली दरों पर अंतिम सुनवाई आज, कानपुर में तय होंगी नई दरें

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में बिजली की नई दरों को लेकर सोमवार को कानपुर में अंतिम सुनवाई होगी। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा आयोजित इस सुनवाई के बाद वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नई बिजली दरों का ऐलान किया जाएगा।

इस अहम सुनवाई में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा उपभोक्ताओं की ओर से पक्ष रखेंगे। परिषद बिजली दरों में कमी की मांग के साथ-साथ स्मार्ट प्रीपेड मीटरों से हो रही दिक्कतों को प्रमुखता से उठाएगा। परिषद का दावा है कि बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का करीब 51 हजार करोड़ रुपये अधिक है, जिसे आधार बनाकर दरों में कटौती की मांग की जाएगी। साथ ही स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को लेकर भी कड़ा विरोध दर्ज कराया जाएगा। परिषद का आरोप है कि बिना उपभोक्ता की सहमति के बड़े पैमाने पर मीटरों को प्रीपेड मोड में बदला गया है, जो उपभोक्ता अधिकारों के खिलाफ है। अवधेश वर्मा ने कहा कि यह कदम विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5) का उल्लंघन है और इस संबंध में आयोग में अवमानना याचिका भी दाखिल की जाएगी।

# बारिश-ओलों से गिरा तापमान प्रदेश में दो दिन तूफान का अलर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दो-तीन डिग्री तापमान लुढ़का कई जिलों में झमाझम बारिश

**अमृत विचार:** प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ली है। बीते दो दिनों में बारिश और ओलावृष्टि के चलते प्रदेश के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई है। कई जिलों में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी, लेकिन अब मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए तेज आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 7 और 8 अप्रैल को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में गरज-चमक के साथ तेज हवाएं और बारिश हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ का नया सक्रिय दौर 7 अप्रैल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रभाव दिखाना शुरू करेगा, जो 8 अप्रैल तक पूरे प्रदेश को प्रभावित करेगा। शनिवार और रविवार को पश्चिमी और मध्य यूपी में बारिश का असर अधिक देखने को मिला। इटावा में सर्वाधिक करीब 30 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जबकि कानपुर और आसपास के क्षेत्रों में भी हल्की से मध्यम बारिश हुई। इस दौरान चल रही ठंडी हवाओं ने तापमान में गिरावट को और तेज किया।

हालांकि छह अप्रैल को मौसम में आंशिक सुधार के संकेत हैं और तापमान में हल्की बढ़त हो सकती है, लेकिन यह राहत ज्यादा समय तक नहीं टिकेगी। सात अप्रैल से मौसम फिर बिगड़ने के आसार हैं। मौसम विभाग का अनुमान है कि नौ अप्रैल तक इस सिस्टम का असर बना रहेगा। इसके बाद इसके कमजोर पड़ने के साथ तापमान में 3 से 5 डिग्री तक और गिरावट दर्ज की जा सकती है। वहीं 10 अप्रैल से प्रदेश में मौसम शुष्क होने की संभावना जताई गई है।

# भाजपा का स्थापना दिवस आज, चलेगा अभियान

## प्रदेशभर में होगा ध्वजारोहण व संगोष्ठियां, गांव-बस्ती में लोगों से संपर्क करेगी पार्टी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कल से 12 अप्रैल तक चलेगा संपर्क अभियान, बूथ स्तर तक सक्रिय रहेगा संगठन

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को पूरे प्रदेश में व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक आयोजन कर भाजपा की विचारधारा, संगठनात्मक विस्तार और राष्ट्रसेवा की यात्रा को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय पर प्रातः 10 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। दिन में विभिन्न स्थानों पर संगोष्ठियां, संवाद कार्यक्रम और बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिनमें पार्टी की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की संघर्ष, सेवा और सुशासन की यात्रा पर चर्चा होगी। शाम 4:30 बजे राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर विशेष कार्यक्रम में जनसंघ काल से भाजपा तक योगदान देने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार जिला स्तर पर भी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के सम्मान कार्यक्रम आयोजित होंगे। पार्टी स्थापना दिवस को केवल उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र प्रथम, संगठन सर्वोपरि और सेवा ही संकल्प की भावना के साथ मनाते हुए भाजपा संगठन को और मजबूत करने की दिशा में जुटी है।

स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर प्राथमिक व सक्रिय सदस्यों के साथ कार्यक्रम आयोजित करेंगे। स्थापना दिवस के बाद 7 से 12 अप्रैल तक ग्राम/बस्ती संपर्क अभियान चलाया जाएगा।




स्थापना दिवस के मौके पर सजाया गया लखनऊ स्थित भाजपा मुख्यालय।

**पहल** महिला सुरक्षा में यूपी बन रहा मॉडल स्टेट, 'सेफ मोबिलिटी' से बदल रही तस्वीर

# महिला ई-रिक्शा पायलटों की फौज हो रही तैयार


राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अयोध्या समेत पांच जिलों में शुरुआत, लखनऊ समेत आठ जिलों में भी सुविधा जल्द

**अमृत विचार:** प्रदेश में महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण को नई ऊंचाई देने की दिशा में योगी सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया है। 'सेफ मोबिलिटी प्रोग्राम' के तहत प्रदेश में महिला ई-रिक्शा पायलटों की फौज तैयार की जा रही है, जिससे बालिकाओं और महिलाओं को विद्यालय, कार्यस्थल और अन्य जरूरी स्थानों तक सुरक्षित, सुलभ और सम्मानजनक परिवहन मिल सकेगा।

इस योजना के तहत शुरुआत में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को 1000 ई-रिक्शा उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, कौशांबी और झांसी में इस सुविधा की शुरुआत कर दी गई है, जबकि लखनऊ, प्रयागराज, मिर्जापुर, भदोही, सोनभद्र, देवरिया, लखीमपुर खीरी और सीतापुर में इसे जल्द शुरू किया जाएगा। सरकार की यह पहल इसलिए भी खास है, क्योंकि इसका सीधा रिश्ता महिला सुरक्षा से जुड़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और बालिकाओं के लिए अब महिला चालकों द्वारा संचालित ई-रिक्शा सेवा बेहतर समाधान बनकर उभर रही है। 'सेफ मोबिलिटी' का असर केवल सड़क तक सीमित नहीं है। इससे बेटियों की स्कूल तक पहुंच आसान होगी, कामकाजी महिलाओं का सफर सुरक्षित बनेगा, गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं आत्मनिर्भरता की नई मिसाल बनेंगी।

महिला सुरक्षा, सम्मानजनक परिवहन और स्वरोजगार इन तीनों मोर्चों पर एक साथ असर डालने वाली यह पहल उत्तर प्रदेश को नई पहचान दे रही है। यही वजह है कि महिला सुरक्षा में यूपी अब मॉडल स्टेट के रूप में अपनी अलग छाप छोड़ता दिख रहा है और ई-रिक्शा महिला पायलटों की यह नई फौज गांवों के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदलने की तैयारी में है।



### तीन लाख रुपये सालाना कमा रहीं महिलाएं

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स के तकनीकी सहयोग से चल रहे इस कार्यक्रम ने अब तक प्रभावी परिणाम दिए हैं। पांच जनपदों में 119 महिलाओं को ई-रिक्शा देकर उद्यमी बनाया जा चुका है। वहीं, 629 महिलाओं को संचालन का प्रशिक्षण दिया गया है और 244 महिलाओं को ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध कराया गया है। इस पहल से जुड़ी महिलाएं अब सिर्फ वाहन ही नहीं चला रहीं, बल्कि अपने परिवार की आर्थिक धुरी भी बन रहीं हैं। योजना से जुड़ी महिलाओं की औसत वार्षिक आय 3 लाख रुपये से अधिक पहुंचने की बात इस मॉडल की सफलता को और मजबूत बनाती है।

# विवेकाधीन कोष से 860 करोड़ की मदद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 50 हजार से अधिक लाभार्थियों तक पहुंची राहत, बिना भेदभाव हो रहा वितरण
- 'जहां जरूरत, वहां सहायता' सिद्धांत पर त्वरित स्वीकृति से मिल रही मदद

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से प्रदेश के जरूरतमंदों के लिए प्रभावी राहत तंत्र बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस कोष से लगभग 860 करोड़ रुपये की सहायता स्वीकृत की है। इससे 50 हजार से अधिक लाभार्थियों को सीधा लाभ मिला।

इस योजना की खासियत इसका निष्पक्ष और संवेदनशील क्रियान्वयन रहा। सत्तापक्ष और विपक्ष के जनप्रतिनिधियों के अनुरोधों पर समान रूप से कार्रवाई करते हुए शहरी-ग्रामीण हर क्षेत्र और हर वर्ग तक सहायता पहुंचाई गई। सरकार ने बिना किसी कोटा प्रणाली के 'जहां जरूरत, वहां सहायता' के सिद्धांत पर काम किया, जिससे छोटी जरूरतों से लेकर बड़े मामलों तक मदद दी जा सकी।

विवेकाधीन कोष के तहत 50 हजार रुपये से लेकर 3 करोड़ रुपये से अधिक तक की सहायता स्वीकृत की गई। खासतौर पर गंभीर बीमारियों, दुर्घटनाओं और आपात स्थितियों में त्वरित मदद से कई मामलों में यह व्यवस्था जीवनरक्षक साबित हुई। सरकार ने आवेदन से स्वीकृति तक की प्रक्रिया को सरल और तेज बनाया, जिससे जरूरतमंदों को समय पर राहत मिल सकी। अयोध्या, अमेठी, बाराबंकी, आजमगढ़, बलिया और फिरोजाबाद जैसे जिलों में बड़े मामलों के चलते अधिक सहायता दी गई।

### कैसे मिलती है सहायता

- जनप्रतिनिधि या सीधे सीएम कार्यालय में आवेदन
- मेडिकल रिपोर्ट व आय प्रमाण जैसे दस्तावेज जरूरी
- गंभीर बीमारी, दुर्घटना, संकट में प्राथमिकता
- जरूरत के अनुसार राशि का निर्धारण
- त्वरित जांच के बाद शीघ्र स्वीकृति

# अमृत विचार

सोमवार, 6 अप्रैल 2026



हमें बीते हुए समय के लिए परेशान नहीं होना चाहिए, न ही भविष्य के बारे में चिंतित होना चाहिए। विवेकशील व्यक्ति केवल वर्तमान क्षण से ही निपटते हैं।
-**चाणक्य**, दार्शनिक



## और उग्र होता युद्ध

ईरान के बुशहर परमाणु संयंत्र और उसके बाद उसके प्रमुख पेट्रोकेमिकल ठिकानों पर अमेरिकी हमलों ने पश्चिम एशिया के युद्ध को अधिक खतरनाक चरण में प्रवेश करा दिया है। यह अब केवल सैन्य टकराव नहीं, बल्कि ऊर्जा, पर्यावरण और वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़ा बहुआयामी संकट बन चुका है। साफ है कि अमेरिका अब ईरान की सैन्य क्षमता ही नहीं, बल्कि उसकी आर्थिक रीढ़ को भी तोड़ने की रणनीति पर काम कर रहा है। यह "पूर्ण युद्ध" की स्थिति है, जहां विरोधी की संपूर्ण संरचना को निशाना बनाया जाता है। डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल की संभावित अगली चालों के संकेत स्पष्ट हैं कि रणनीतिक ठिकानों, मिसाइल बेस और ऊर्जा अवसंरचना, जिसमें विद्युत शामिल हैं, उन पर भीषण हमले। ट्रंप के 48 घंटे का अल्टीमेटम इस बात का संकेत है कि कूटनीति की जगह अब सैन्य दबाव ने ले ली है। ट्रंप की कथित "तीन सप्ताह में युद्ध समाप्त करने" की योजना और वर्तमान आक्रामकता के बीच विरोधाभास स्पष्ट है। यह अमेरिकी घरेलू राजनीति से भी जुड़ा हो सकता है, जहां वे एक निर्णायक और विजयी छवि प्रस्तुत करना चाहते हैं।

इतिहास गवाह है कि अल्पकालिक युद्ध के लक्ष्य अक्सर दीर्घकालिक संघर्षों में बदल जाते हैं, विशेषकर जब ईरान जैसा विरोधी पक्ष, प्रतिरोध की क्षमता और इच्छाशक्ति दोनों रखता हो। बड़ा सवाल यह है कि जब अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने ईरान को तत्काल परमाणु खतरा नहीं माना, तब उसके परमाणु संयंत्रों पर बार-बार हमले क्यों? इसका उत्तर रणनीतिक बहानेबाजी में है, भविष्य की क्षमता को अभी ही नष्ट करना। किंतु यह कदम अत्यंत जोखिमपूर्ण है। बुशहर जैसे संयंत्र पर हमला, यदि गंभीर क्षति या रेडियोधर्मी रिसाव का कारण बनता है, तो इसका प्रभाव केवल ईरान तक सीमित नहीं रहेगा, कुवैत, यूएई और खाड़ी के अन्य देशों तक इसका असर पहुंच सकता है। नाभिकीय रिसाव की स्थिति में कैंसर, पर्यावरणीय विनाश और दशकों तक बने रहने वाले रेडिएशन की समस्या पैदा होती है। अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून विशेषतः जेनेवा कन्वेंशन, ऐसे संवेदनशील ठिकानों पर हमले से बचने की अपेक्षा करता है। फिर भी, इन नियमों का उल्लंघन यह दिखाता है कि आधुनिक युद्ध में नैतिक सीमाएं लगातार धुंधली होती जा रही हैं। अमेरिका की "आर-पार" वाली रणनीति यह संकेत देती है कि आने वाले दिनों में संघर्ष अचानक तीव्र हो सकता है। तेज हमलों की श्रृंखला, और फिर किसी निर्णायक मोड़ पर युद्धविराम का प्रयास। किंतु ईरान जैसे देश के पूर्ण "ध्वस्त" होने की संभावना कम है, इसके बजाय एक लंबा, अस्थिर संघर्ष अधिक यथार्थपरक परिदृश्य है। भारत के लिए यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील है। एक ओर, उसकी ऊर्जा निर्भरता होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरती है, दूसरी ओर लाखों भारतीय नागरिक खाड़ी देशों में कार्यरत हैं। भारत को संतुलित कूटनीति, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की तलाश और अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए ठोस निकासी योजना तैयार रखनी चाहिए। यह युद्ध केवल दो देशों का नहीं, बल्कि वैश्विक स्थिरता की परीक्षा बन चुका है। यदि परमाणु और ऊर्जा अवसंरचनाओं पर हमले जारी रहे, तो इसका प्रभाव सीमाओं से परे जाकर पूरी दुनिया को झकझोर सकता है। भारत को सजग, संतुलित और रणनीतिक रूप से सक्रिय रहना होगा।

### प्रसंगवश

## वैश्विक सुस्ती और भारत के भविष्य की राह

हाल ही में आर्थिक सहयोग और विकास संगठन की रिपोर्ट ने एक महत्वपूर्ण तथ्य उजागर किया है। जहां वैश्विक अर्थव्यवस्था औसतन 2.9 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, वहीं भारत 7.6 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर के साथ आगे बढ़ रहा है। यह आंकड़ा केवल एक सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की सुदृढ़ आर्थिक संरचना, नीतिगत स्थिरता और विकास क्षमता का स्पष्ट संकेतक है। ऐसे समय में जब विश्व की कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं मंदी, मुद्रास्फीति और भू-राजनीतिक तनावों से जूझ रही हैं, भारत का यह प्रदर्शन विशेष महत्व रखता है।

रक्षा क्षेत्र में भी भारत की प्रगति उल्लेखनीय है। रक्षा मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में रक्षा निर्यात 23,622 करोड़ रुपये था, जो वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 38,424 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। यह लगभग 62.66 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। इससे पूर्व 2023-24 में यह आंकड़ा 21,083 करोड़ रुपये था। लगातार बढ़ता यह निर्यात वैश्विक स्तर पर भारतीय रक्षा उत्पादों की स्वीकार्यता और अंतर्राष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं में बढ़ती भागीदारी का प्रमाण है। वर्तमान में भारत 80 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा है, जबकि निर्यातकों की संख्या भी 128 से बढ़कर 145 हो गई है। भारत की इस तेज आर्थिक वृद्धि के पीछे कई ठोस कारण हैं। घरेलू मांग इसकी सबसे बड़ी ताकत बनी हुई है। नीतिगत सुधारों की निरंतरता भी एक महत्वपूर्ण कारक रही है।



प्रो एच सी पुरोहित
दून विश्वविद्यालय, देहरादून

डिजिटल क्रांति ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है। यूपीआई जैसे प्लेटफॉर्म ने लेन-देन को सरल और सुलभ बनाया है, जिससे औपचारिक अर्थव्यवस्था का विस्तार हुआ है। इसके साथ ही सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) को भी नई ऊर्जा मिली है। स्टार्टअप इकोसिस्टम के विस्तार ने नवाचार और रोजगार सृजन को बढ़ावा दिया है। हालांकि, इस उज्ज्वल तस्वीर के साथ कुछ गंभीर चुनौतियां भी मौजूद हैं। आर्थिक वृद्धि के बावजूद पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण रोजगार का सृजन एक बड़ी चुनौती बना हुआ है, विशेषकर युवाओं के संदर्भ में। यदि विकास समावेशी नहीं होगा, तो सामाजिक असंतुलन बढ़ सकता है। आय असमानता भी एक चिंताजनक विषय है, जहां संपत्ति और आय का वितरण असंतुलित होता जा रहा है। शहरी-ग्रामीण तथा संगठित-असंगठित क्षेत्रों के बीच की खाई को पाटने के लिए लक्षित नीतियों और कौशल विकास कार्यक्रमों की आवश्यकता है। वैश्विक परिस्थितियां भी भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में तनाव और अमेरिका-चीन के बीच व्यापारिक प्रतिस्पर्धा जैसी घटनाएं वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित कर रही हैं। तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक मांग में कमी का प्रभाव भारत पर भी पड़ सकता है। हाल ही में विनिर्माण क्षेत्र का परचेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएसआई) फरवरी के 56.9 से घटकर मार्च में 53.9 हो गया, जो उत्पादन में कुछ धीमापन दर्शाता है। कृषि क्षेत्र की स्थिरता भी एक अहम मुद्दा है। देश की बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है, किंतु इस क्षेत्र की उत्पादकता अपेक्षाकृत कम है। जलवायु परिवर्तन, अनियमित वर्षा और तापमान वृद्धि जैसी चुनौतियां कृषि उत्पादन को प्रभावित कर रही हैं। इसलिए टिकाऊ कृषि और तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा देना आवश्यक है। इन चुनौतियों के बावजूद भारत के पास अपार संभावनाएं हैं। अंततः 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर निस्संदेह एक बड़ी उपलब्धि है, परंतु इसे दीर्घकालिक, समावेशी और टिकाऊ बनाना अधिक आवश्यक है। यदि भारत इस दिशा में संतुलित प्रयास जारी रखता है, तो वह न केवल वैश्विक विकास का प्रमुख इंजन बनेगा, बल्कि अपने नागरिकों के लिए समृद्धि और अवसरों का नया युग भी सुनिश्चित करेगा। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# अजेय भारत के लिए जरूरी अभेद्य आसमान





नवीन गुप्ता
बरेली

युद्ध अब केवल जमीन पर सेनाओं के माध्यम से नहीं लड़े जा सकते। दुश्मन का कौन कितना नुकसान करके, कितनी बढ़त हासिल करेगा, इसका फैसला आसमान में जेट, मिसाइल और ड्रोन के प्रहार तय हो रहा है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने यही दिखाया है कि आधुनिक युद्ध में ड्रोन, मिसाइलों और उन्नत तकनीक का प्रभुत्व किस कदर बढ़ता जा रहा है।

साल 2022 में शुरू हुए रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अमेरिका-इजराइल की ईरान के साथ छिड़ी हालिया जंग ने ड्रोन और वायु शक्ति की ताकत को मजबूती के साथ स्थापित किया है। इसके चलते ही खाड़ी देशों में ड्रोन और मिसाइल हमलों के कारण युद्ध क्षेत्र जैसी अराजकता बनी हुई है। यहां तक कि अमेरिका का करोड़ों डॉलर का थॉड एयर डिफेंस सिस्टम भी ईरान की बैलिस्टिक मिसाइलों को पूरी तरह रोकने में नाकाम रहा है। बैलिस्टिक मिसाइलों और शाहेद ड्रोन का इस्तेमाल करके ईरान ने पूरे पश्चिम एशिया में न सिर्फ अमेरिकी सैन्य ठिकानों, राडारों के साथ तेल गैस संयंत्रों, बंदरगाहों और हवाई अड्डों को आक्रामक तरीके से निशाना बनाया है, बल्कि इसरायली एयर डिफेंस सिस्टम पर भी दबाव बनाए रखा है। इसके साथ ही वह ड्रोन के झुंडों का इस्तेमाल करके भी निशाने साध रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि भारत के पास अपने आसमान की सुरक्षा की कितनी तैयारी है। क्या भारत का मौजूदा एयर डिफेंस सिस्टम उन्नत ड्रोन और मिसाइल हमले रोकने में सक्षम है।

रक्षा मंत्रालय ने बीते दिनों रूस की सरकारी कंपनी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ सेना के लिए तुंगुस्का एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम खरीदने के लिए 4.5 अरब रुपये का समझौता किया है। ये अत्याधुनिक मिसाइलें विमानों, ड्रोनों और क्रूज मिसाइलों जैसे हवाई खतरों के खिलाफ भारत की कई परतों वाली हवाई सुरक्षा क्षमता को और मजबूत बनाएंगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद ने वायु सेना के लिए रूस से पांच और एस-400 जमीन से हवा में मार करने वाले लंबी दूरी के मिसाइल सिस्टम को खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। दरअसल, आधुनिक युद्ध में हमला और बचाव दोनों क्षमताएं हासिल करने के लिए भारी निवेश जरूरी है। पहले सेनाएं सैनिकों के बड़े फॉर्मेशन पर आधारित थीं, अब जेट, मिसाइल, ड्रोन, रडार और इंटरसेप्टर जैसी तकनीकें निर्णायक हो गई हैं। इसे देखते हुए ही पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भारतीय वायुसेना भी अपनी युद्ध रणनीति में बड़ा बदलाव कर रही है। रक्षा मंत्रालय ने स्वदेशी रूप से विकसित किए जा रहे स्टेल्थ लड़ाकू ड्रोन 'घातक' के चार स्क्वाड्रनों को अनुमति दी है। यह फैसला भारतीय वायुसेना की भविष्य की स्ट्राइक क्षमता और युद्ध की रणनीति में महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है।

गौरतलब है कि पिछले साल भारत-पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष में भी हवाई टकराव ही केंद्रीय भूमिका में था, जिसमें ड्रोनों के झुंड इस्तेमाल किए जा रहे थे। इसमें दो राय नहीं कि भारतीय सेना के ड्रोन हथियार भंडार में कई प्रकार के हाईटेक ड्रोन शामिल हैं। इनमें इजराइल के टोही ड्रोन आईएआई सर्चर और हार्पर के अलावा इजराइल से ही आए लॉयटरिंग म्यूनिशन, जैसे हारोप और हार्पी भी हैं, जिनका इस्तेमाल ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किया गया था। इसी कड़ी में प्रोजेक्ट कुश भारत का नया एयर डिफेंस सिस्टम है, इसके तहत डीआरडीओ लांग रेंज की जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल तैयार कर रहा है। इस तीन स्तरीय प्रणाली की सबसे कम रेंज 150 किमी होगी, मध्यम रेंज 250 किमी और अधिकतम रेंज 350 किमी तक होगी।

देश के पास रूस से लिया गया एस-400 एयर सिस्टम पहले से ही है। डीआरडीओ का प्रोजेक्ट कुश 350 किमी दूर से दुश्मन की हरकत का पता लगा लेगा। माना जा रहा है कि यह इजराइल के आयरन डोम से बहुत बेहतर होगा, जिसकी रेंज महज 70 से 80 किमी है। यही नहीं, कुश को अमेरिका के पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम से भी बेहतर बताया जा रहा है। पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम 110 से 130 किमी दूर से दुश्मन के हमलों को ट्रैक कर पाता है। भारत की योजना कुश एयर डिफेंस सिस्टम को अगले दो से तीन साल में जमीन पर तैनात करने की है। यह दुश्मन के हमलों के साथ दुश्मन के लड़ाकू विमान, ड्रोन, क्रूज और बैलेस्टिक मिसाइलों समेत हर हमलों को ट्रैक और ध्वस्त कर सकेगा। कुश के सीमाओं पर तैनात होने के बाद भारत उन महत्वपूर्ण देशों में शामिल हो जाएगा, जिनके पास अपना लंबी दूरी का एयर डिफेंस सिस्टम है।

पश्चिम एशिया युद्ध का बड़ा सबक है कि सस्ते और लागत प्रभावी काउंटर ड्रोन सिस्टम को बड़े पैमाने पर विकसित किए जाएं या खरीदे जाएं। खाड़ी देशों के पास इस तरह की प्रणालियों की कमी है, जिसकी कीमत उन्हें नुकसान के रूप में चुकानी पड़ी है। ये कम लागत वाले सस्ते सिस्टम, मौजूदा एयर डिफेंस प्रणालियों के ऊपर एक अतिरिक्त परत के तौर पर काम करेंगे। इससे महंगे एयर डिफेंस सिस्टम का बेहतर इस्तेमाल सुनिश्चित किया जा सकेगा और दुश्मन के कम लागत वाले ड्रोन से निपटने में उनका उपयोग सीमित रहेगा।

भारत की योजना कुश एयर डिफेंस सिस्टम को अगले दो से तीन साल में जमीन पर तैनात करने की है। यह दुश्मन के हमलों के साथ दुश्मन के लड़ाकू विमान, ड्रोन, क्रूज और बैलेस्टिक मिसाइलों समेत हर हमलों को ट्रैक और ध्वस्त कर सकेगा।

### आमने



अगर भारत ने कोई 'नाटकीय साजिश के तहत ऑपरेशन' किया तो पाकिस्तान सीधे कोलकाता तक जाएगा। मेरे पास खबरें हैं कि भारत ऐसी कोई साजिश रच रहा है। वो कह रहे हैं कि कुछ लाशें बिछाई जाएंगी और कहा जाएगा कि ये आतंकी थे और इन्होंने यह किया, लेकिन उन्होंने इसका कोई सबूत नहीं दिया।
– **ख्वाजा आसिफ**
रक्षा मंत्री, पाकिस्तान

### सामने



क्या पाकिस्तान में भारत की तरफ आंख उठाकर देखने की हिम्मत है? 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमने उनको घर में घुसकर मारा। क्या भूल गया कि हमने आतंकवादियों के पूरे-पूरे परिवारों को और पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को तबाह कर दिया था। पाकिस्तान गिड़गिड़ाते हुए युद्ध रोकने के लिए भारत के पास आया। भारत ने अपनी शर्तों पर युद्ध रोका।
– **प्रतुल शाहदेव** प्रवक्ता, भाजपा

# अस्थिर दुनिया में आत्मनिर्भरता जरूरी



महेश चंद गुप्ता
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

दुनिया अब अलग-अलग बिखरे देशों का नक्शा मात्र नहीं रही है। यह एक ऐसा तंत्र बन गई है, जिसमें कहीं भी हलचल होती है, तो उसकी तरंगें दुनिया के हर कोने तक पहुंचती हैं। हाल में ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच टकराव की स्थिति के बाद पैदा हुए तनाव ने इस सच्चाई को फिर से उजागर कर दिया है। इससे पहले रूस-यूक्रेन युद्ध से भी यह सबक मिल चुका है कि जंग किसी एक भूभाग तक सीमित नहीं रहती। उसके असर सीमाओं से परे जाते हैं। इस बात को हम लागू होते देख रहे हैं।

भारत इस अमेरिका-इजरायल-ईरान संघर्ष का हिस्सा नहीं है, लेकिन उसका असर हमारे यहां साफ दिखाई दे रहा है। पेट्रोल और एलपीजी की आपूर्ति में अस्थिरता, छोटे उद्योगों का ठप पड़ना, निर्यात पर असर ये सब संकेत दे रहे हैं कि वैश्विक अस्थिरता का बोझ हम भी ढो रहे हैं। दुनिया इतनी छोटी हो चुकी है कि कई लोग इसकी तुलना एक गांव से भी करते हैं। मानना ही होगा कि यह एक ऐसा साझा घर बन चुकी है, जिसकी एक दीवार पर आग लगे तो दूसरी दीवार पर बैठे लोग भी उसकी आंच महसूस करते हैं।

